26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 02 दिसम्बर, 2025

अंक- 39 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# शेरकोट में भीषण सड़क हादसा, तीन की मौत

## नेशनल हाईवे पर डीसीएम बाइक व पिकअप से टकराई

**शेरकोट ( चिंगारी )।** आज यहां दिन निकलते ही वनवे चल रहे नेशनल हाईवे पर एक भयानक हादसा हो गया जिसमें तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना स्थल का मंज़र देख लोगों का कलेजा मुंह को आ गया। मृतक लखीमपुर खीरी और जसपुर के रहने वाले हैं। पुलिस ने तीनो शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जनपद लखीमपुर खीरी के बड़वा थाना क्षेत्र के ग्राम बिछ्वी निवासी रंजीत कुमार ( 22 वर्ष ) पुत्र रामशंकर व आदित्य पांडे उर्फ लाला ( 23 वर्ष ) पुत्र भैया लाल मंगलवार की सुबह लगभग सात बजे बाइक से अपने गांव से हरिद्वार जा रहे थे। उनकी बाइक के पीछे एक पिकअप गाड़ी चल रही थी। जब ये लोग यहां नेशनल हाइवे पर ग्राम मुबारकपुर कुंडा के पास पहुंचे तो धामपुर की ओर से जा रही एक डीसीएम की बाइक से टक्कर हो गई। दुर्घटना के बाद डीसीएम और पिकअप में भी भिड़न्त हो गई। इस बीच बाइक डीसीएम व पिकअप के बीच भिंच गई। तीनों वाहनों के बीच हुई भीषण टक्कर के बाद पिकअप पलट गई, जिससे हाइवे पर जाम लग गया। हादसे में पिकअप चालक जसपुर निवासी फिरोज पुत्र मौ उमर, बाइक सवार रंजीत व आदित्य की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फिरोज को कड़ी मशक्क्त के बाद गाड़ी से निकाला। पुलिस ने तीनों शवों को आनन फानन में सीएचसी धामपुर भेजा,जहां से उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।





मृतक फिरोज, रंजीत व आदित्य के फाइल फोटो।

सम्बंधित खबर पेज 11 पर

# घुसपैठियों के लिए भी रेड कार्पेट चाहते हैं- सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** सुप्रीम कोर्ट ने आज एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार को नोटिस जारी करने से इनकार कर दिया। दरअसल, याचिका में कुछ रोहिंग्या शरणार्थियों के लापता होने को लेकर चिंता जाहिर की गई थी और इस मामले में केंद्र को निर्देश देने की अपील की गई। हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय ने मामले में सुनवाई को टाल दिया। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में तीखी टिप्पणी करते हुए याचिकाकर्ताओं से कहा कि आप जानते हैं वे घुसपैठिए हैं। भारत के उत्तरी बॉर्डर बहुत संवेदनशील हैं। कोर्ट ने कहा आप जानते हैं कि देश में क्या हो रहा है। अगर कोई यहां गैरकानूनी ढंग से आया है, तब भी आप उनके लिए रेड कार्पेट चाहते हैं। वे सुरंगों के जरिए घुसते हैं और फिर आपके खाने, निवास के अधिकारी, बच्चों की शिक्षा, आदि के अधिकारी, हो जाते हैं। क्या हम कानून का दायरा इस तरह खींचना चाहते हैं? ऐसे मामलों में बंदी प्रत्यक्षीकरण (हीबस कॉर्पस) जैसी मांगें करना काफी काल्पनिक बात है।

आयुषमान कार्ड से सभी प्रकार की निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध।

अपना अस्पताल

तत्सव हेल्थ केयर

मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड ट्रॉमा सेन्टर

तत्सव HEALTHCARE

निकट महादेवपुरम कॉलोनी, मण्डावर रोड, बिजनौर (उ.प्र.)

सम्पर्क सूत्र : 8279960281

डॉ. शुभम अग्रवाल

MBBS, MS Orthopaedic, (FJRA)

पूर्व चिकित्सक

शैलबी हॉस्पिटल, अहमदाबाद/मैक्स हॉस्पिटल, दिल्ली

हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ

मिलने का समय : सुबह 10:30 से 2:30 बजे तक । शाम 5:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक रविवार अवकाश

नाक, कान, गला रोग एवं सम्बन्धित कैंसर रोग विशेषज्ञ

MBBS, MS (ENT)

मिलने का समय :

सुबह 11:00 से दोपहर 1:00 बजे तक

शाम 4:30 से सायं 6:30 बजे तक

(रविवार अवकाश)

न्यूरो-साइकाइट्रिस्ट मनोरोग विशेषज्ञ

MBBS, MD

मिलने का समय :

दोपहर 3:00 से शाम 7:30 बजे तक

(रविवार अवकाश)

सुविधाऐं :

- सड़क दुर्घटना या किसी भी तरह की आपातकालीन स्थिति में तुरंत सम्पर्क करें।
- सभी प्रकार की हड्डी के फ्रैक्चर, प्लास्टर एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
- 24x7 आपतकालीन सेवा/पूर्ण क्रिटिकल केयर टीम/एक्सीडेंट, फ्रैक्चर, पॉली ट्रॉमा
- कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण
- दूरबीन विधि द्वारा लिगामेन्ट सर्जरी
- कान, नाक, गला, थाइराइड एवं सम्बन्धित कैंसर रोग विशेषज्ञ/स्पीच थेरेपी
- दूरबीन द्वारा जांच/ Endoscopy/ कान की डिजिटल मशीनें उपलब्ध है।
- (मनोरोग विशेषज्ञ) डिप्रेशन, सरदर्द, मिर्गी का दौरा, नशे की लत इत्यादि
- सैक्स रोग (धात, शीघ्र पतन, स्वप्नदोष, नंपुसकता, सैक्स की इच्छा ना होना)
- जनरल सर्जरी व लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- आधुनिक ओ.टी./आई.सी.यू./डिजिटल एक्स-रे (Fuji-DR)/पैथोलॉजी
- फिजियोथेरेपी

मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल नहटौर

Aff. No. 2132822

School Code: 81912

आवश्यकता है

सभी विषयों के लिए शिक्षकों की

एवं

एडमिशन काउंसलर,

सुरक्षा गार्ड, गन मैन, ड्राइवर और आया की

इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा

What's app No. - 9870947832 या

mepsnehtaur6@gmail.com पर (8 दिसंबर)

तक भेज सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए: 9870947832, 9027816411



## राशिफल

**विमल जैन**

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**बुधवार, 03 दिसम्बर 2025**

मेष- साहसिक प्रयास, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, परोपकार की भावना जागृत, उत्साह में वृद्धि, जिम्मेदारियों हेतु व्यय, जीवन में सुख शांति, हर्ष भी।

वृषभ- निराशा की स्थिति, परिश्रम के बावजूद आंशिक सफलता, वैवाहिक जीवन में मतभेद, सहयोगियों से विवाद की आशंका, नवीन समस्याएँ प्रभावी, यात्रा से हानि।

मिथुन- आकस्मिक लाभ का सिलसिला, राजनैतिक कृत्यों की ओर अभिरुचि, शत्रु हानि पहुँचाने में असफल, जीवन साथी का सानिध्य, समस्याओं का समाधान।

कर्क- अभिलाषा की पूर्ति का सुयोग, पारिवारिक परेशानियों में कमी, परोपकार की ओर प्रवृत्ति, प्रेम सम्बन्धों में अनुकूलता, आपसी सौहार्द, उन्नति का सिलसिला।

सिंह- दिनचर्या व्यवस्थित, प्रियजनों मित्रों से अपेक्षित सहयोग, व्यक्तित्व का विकास, संत समागम, मेल मिलाप में रुचि, आपसी वैमनस्यता में कमी, धर्म-अध्यात्म में रुचि।

कन्या- लाभ में कमी का एहसास, स्वयं की प्रतिभा का उपयोग करने से वंचित, शत्रु हानि पहुँचाने की कोशिश में, स्वजनों से मतभेद, यात्रा में परेशानी, अकेलेपन की अनुभूति।

तुला- निराशा का समापन, इच्छानुकूल घटनाएं घटित, परिवार में मंगल आयोजन सम्पन्न, विपरीत परिस्थितियों पर विजय, व्यापार में धन निवेश, कार्यक्षमता में वृद्धि।

वृश्चिक- कुछेक समस्याएं सुलझने की ओर, स्वास्थ्य सुधार पर, प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण सफलता, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, सुसंदेश की प्राप्ति, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि।

धनु- योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु मित्रों से विचार-विमर्श, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, परिवार में सुख-शांति का वातावरण, प्रतियोगिता में सफलता।

मकर- कार्यों में असफलता, व्यापारिक हानि, शारीरिक सुख में बाधा, वैचारिक स्थिरता का अभाव, स्वजनों से तनाव, वाहन से भय, चोट-चपेट दुर्घटना की आशंका।

कुम्भ- स्वास्थ्य सुधार पर, मनोनुकूल कार्य में अनुकूलता, व्यावसायिक सफलता का मार्ग प्रशस्त, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क, धनसंचय की ओर प्रवृत्ति, चित्त प्रफुल्लित।

मीन- ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, कार्यों के प्रति प्रगति की दिशा में प्रयास सार्थक, परिवार में मंगल आयोजन सम्पन्न, राजनीतिक क्रियाकलापों से प्रतिष्ठा में वृद्धि।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# हर्षोल्लास के साथ मनाया सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम





**हल्दौर ( चिंगारी )।** डा.फकीरचंद सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हल्दौर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम की अध्यक्षा क्षेत्रीय विधायक ओमकुमार की धर्मपत्नी व भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष श्रीमती शोभा रानी के द्वारा किया गया। पुष्पार्चन श्रीमती सरोज रस्तौगी, श्रीमती श्रुति कीर्ति, श्रीमती बीना प्रकाश, मुख्य वक्ता श्रीमती रितु, शिवानी, अन्नु पंवार पुलिस चौकी इंचार्ज अम्हेड़ा, विमला, संगीता, रितिका रस्तौगी, पवन कुमारी, मधु शर्मा, सरिता शर्मा के द्वारा किया गया। रिमझिम रस्तौगी, शालिनी रस्तौगी, कामाख्या रस्तौगी, प्रियंका रस्तौगी, अमित, निर्मल आदि विशिष्ट अतिथियों ने समस्त मंचसीन महिला अतिथियों का स्वागत किया। श्रीमती रितु ने सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम के अवसर पर कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण के संबंध में अपने विचार रखे और माता की सक्रियता और जागरूकता के विषय में प्रकाश डाला एवं माता के द्वारा अपने बच्चों में संस्कार देने के लिए प्रेरित किया। समूह गीत हम ही मातृशक्ति हैं खुशबू गार्गी, आशी चौहान के द्वारा प्रस्तुत किया गया। स्वागत गीत प्रियांशी, खुशी, आंचल, सुनैना, मीनाक्षी, वंशिका, दृष्टि बहनों के द्वारा प्रस्तुत किया गया। नवयुग का विचार आया, पूर्वी और वंशिका के द्वारा प्रस्तुत किया गया। नन्ही सी चिड़िया गीत पर सबा, इशिका, तन्वी, खुशी, अंशिका, अवनी, रागिनी, उपासना, विशाखा, राशि, कशिश, सृष्टि आदि बहनों के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। पलक वर्मा ने रानी लक्ष्मीबाई, चारुल ने रानी दुर्गावती, धानी ने पद्मावती, भूमिका ने रानी चेन्नम्मा, जिया ने जीजाबाई सम्बुल ने बेगम हजरत महल आदि प्रेरणादायी महिलाओं के संदेश के विषय में अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता शिवानी ने नारी के सम्मान तथा आधुनिक भारत में महिलाओं के योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र कुमार रस्तौगी, व्यवस्थापक देवेंद्र कुमार रस्तौगी, सहव्यवस्थापक सुधांशु रस्तौगी, कोषाध्यक्ष संदीप रस्तौगी, दिवाकर रस्तौगी, विभाकर रस्तौगी, पीयूष कुमार, दीपक, प्रधानाचार्य बृजपाल सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की आचार्या कामना शर्मा तथा सविता ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्ष श्रीमती शोभा रानी ने सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम के विषय में प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के साथ किया गया। सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम में भाग लेने वाली महिलाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त आचार्य और आचार्या का सहयोग रहा।

# अस्पताल के गेट पर शव रखकर हंगामा किया



**नूरपुर ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र शिवाला कलां के गांव रतनगढ़ निवासी सुभाषा की पत्नी ममता (30) बीमार थी। सुभाष ने उसे उपचार के लिए कस्बे के मोहल्ला शहीद नगर स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां चिकित्सक ने महिला की गम्भीर हालत देखकर उसे मुरादाबाद रैफर कर दिया। आरोप है कि मुरादाबाद ले जाते समय रास्ते में ही ममता ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने चिकित्सक पर उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए महिला के शव को लाकर अस्पताल के गेट पर रखकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गुस्साए परिजनों को शांत कराया। देर रात दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। मृतका अपने पीछे तीन छोटे बच्चों को रोता-बिलखता छोड़ गई। परिजन शव को घर ले गए।

# हल्दौर में 7 को लगेगा आई कैम्प

**हल्दौर ( चिंगारी )। समाजसेवी सुशील वर्मा द्वारा निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश के सहयोग से आगामी 7 दिसंबर दिन रविवार को प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक एक विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा, जिसमें चिकित्सकों द्वारा शिविर में आने वाले मरीजों की आंखों का चैकअप कर मोतिबिन्द के ऑपरेशन के लिये चिन्हित किया जाएगा। शिविर आयोजक सुशील वर्मा ने बताया कि 7 दिसंबर को स्थानीय वर्मा मैरिज हॉल में लगने वाले विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में केवल एडवांस रजिस्ट्रेशन कराने वाले मरीजों को ही चिकित्सकों द्वारा देखा जाएगा। मरीज अपना रजिस्ट्रेशन 7 दिसंबर से पूर्व प्रात:10 बजे से सायं 4 बजे तक वर्मा मैरिज हॉल पर आकर करा सकते हैं।**

# ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में पंचायत सचिवों ने बीडीओ को ज्ञापन दिया

**नूरपुर ( चिंगारी )।** ग्राम पंचायत विकास संघ ने ऑनलाइन उपस्थिति व गैर विभागीय कार्यों के विरोध में बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। सोमवार को ग्राम पंचायत विकास संघ के आह्वान पर विकास खंड कार्यालय पहुंचे ग्राम पंचायत सचिवों ने खण्ड विकास अधिकारी डॉ. दिनेशपाल शर्मा को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध करते हुए ग्राम सचिवों से लिए जा रहे गैर विभागीय कार्यों के विरोध में शांति पूर्ण सत्याग्रह आंदोलन की शुरूआत काली पट्टी बांधकर हुई। ज्ञापन में बताया गया है कि 01 से 04 दिसंबर तक काली पट्टी बांधकर शासकीय



**बीडीओ को ज्ञापन सौंपते ग्राम सचिव संघ के सदस्य।**

कार्यों का संपादन शांतिपूर्ण ढंग से किया जायेगा। 5 दिसंबर को प्रदेश स्तरीय दिशा निर्देशों में धरना कार्यक्रम तथा जनपद के सभी सरकारी व्हाट्सअप ग्रुपों को सभी सचिव छोड़ देंगे तथा 10 दिसंबर से सचिवों ने निजी वाहनों का प्रयोग बंद करना, 15 दिसंबर को अपने डोंगल को ब्लॉक पर जमा करने की रणनीति तैयार की है। इस अवसर पर नीरज कुमार, विकास कुमार, दीपक कुमार, लोकेश कुमार, जितेंद्र कुमार, संजीव कुमार, मिदहत जालिब, सुदर्शन, रेखा रानी, रीति सूदन, रंजीता, मोनिका आदि मौजूद रहे।

# पंचायत सचिवों का ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध जारी




बाहों पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करते पंचायत सचिव।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के नेतृत्व में पंचायत सचिवों का ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर शुरु किया गया विरोध आज दूसरे दिन भी जारी रहा। आज भी पंचायत सचिवों ने बाहों पर काली पट्टी बांधकर शासकीय कार्य किया। ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष इरफान अली मंसूरी एवं ग्राम विकास अधिकारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष नौबहार सिंह ने कहा कि गत 1 दिसंबर से शुरू किया गया यह आंदोलन समन्वय समिति की घोषणानुसार जारी रहेगा, जिसमें 04 दिसंबर तक बाहों पर काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराते हुए शासकीय कार्य किया जाएगा।

**नहटौर।** विकासखंड कार्यालय पर ग्राम पंचायत सचिवों ने सोमवार को ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली लागू करने में मूल विभागीय कार्यों के अन्य विभागों के कार्य करने के विरोध को लेकर सोमवार को ब्लॉक कार्यालय पर काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया, जमकर नारेबाजी की।

सोमवार को विकास खंड कार्यालय पर ग्राम पंचायत सचिव जयवीर सिंह केशव, पंकज सैनी, दीप अमर राही, विशेष कुमार, अंतरिक्ष कुमार आदि ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम विकास अधिकारी ब्लॉक परिसर में एकत्रित हुए। ग्राम विकास अधिकारी संघ ग्राम पंचायत अधिकारी के निर्देश पर ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली लागू करने एवं विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य विभागों के कार्यों को करने का जमकर विरोध किया। इसके विरोध में काली पट्टी बांधकर खंड विकास के कार्यालय पर जमकर नारेबाजी की, विरोध प्रदर्शन करके अपने गंतव्य को चले गए।

# गेहूं के बीज के लिए भटक रहे किसान

**नहटौर ( चिंगारी )।** विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय कृषि भंडार पर किसानों के लिए रबी की फसल में प्रमाणित गेहूं का 490 कुंतल बीज शासन द्वारा माह अक्टूबर में भेजा गया था, जिसमें उक्त बीज केंद्र पर खत्म हो जाने के कारण किसानों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है, जबकि गेहूं की बुआई 15 दिसंबर तक होना शेष है।

जानकारी के अनुसार माह अक्टूबर में विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत गेहूं की बुआई के लिए शाशन द्वारा 490 कुंतल प्रमाणित बीज भेजा था, जिसमें 'पहले आओ, पहले पाओ' योजना के अंतर्गत इस बीज का 20 अक्टूबर को प्रारंभ हो गया था, जो 25 नवंबर तक का वितरण हो चुका है। अभी किसानों की गेहूं की बुआई शेष है।

किसान बीज लेने के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। बीज न मिलने के कारण किसानों का कहना है कि अभी भी 15 दिसंबर तक उनकी बुआई हो सकती है। शासन से उन्होंने गेहूं का बीज उपलब्ध कराये जाने की मांग की है। कृषि बीज भंडार प्रभारी सुभाष कुमार ने बताया कि वर्तमान में शासन से 490 कुंतल गेहूं का बीज उपलब्ध हुआ था। पहले आओ-पहले पाओ योजना के अंतर्गत बीज का वितरण किया गया। बीज खत्म होने के बारे में जिला मुख्यालय को मामले से अवगत करा दिया गया है। इसके अलावा केंद्र पर मटर, चना, सरसों का भी बीज उपलब्ध हुआ था, जिसमें मात्र अब काली सरसों का बीज की किट उपलब्ध है। किसानों से उन्होंने शीघ्र आकर अपना बीज ले जाने की अपील की है। दूसरी ओर विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत संचालित किसान सहकारी समितियों पर भी गेहूं का बीज खत्म हो चुका है।

# 50 लोगों ने किया रक्तदान

**नहटौर ( चिंगारी )।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर आर्य हॉस्पिटल और ट्रॉमा सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 50 से अधिक लोगों द्वारा रक्तदान किया गया। सोमवार को आर्य हॉस्पिटल एन्ड ट्रामा सेंटर में आएगी दत्ता शिविर का शुभारंभ डॉ. क्षेत्रपाल सिंह ने फ़ीता काटकर किया। शिविर में प्रथम रक्तदाता डॉ. शलभ अहलावत और शिक्षक सुधाराज सिंह रहे। वक्ताओं ने रक्तदान के महत्व के बारे में भी बताया गया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान होता है। शिविर में रक्तदान करने वालों को हेलमेट ओर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में डा. शलभ अहलावत, डा. प्रियंका मलिक, डा. नितिन कुमार, नृपेंद्र कुमार, सचिन अहलावत, रवि कुमार आदि उपस्थित रहे।

# ये कैसी व्यवस्था है भाई, मरीज की रोटी चूहे ने खाई

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों की सेहत से खिलवाड़ हो रहा है। एक ऐसा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसने जिला अस्पताल की व्यवस्था पर एक बड़ा प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। इस वीडियो में चूहे मरीज की रोटी खाते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में मरीज बिस्तर पर सोया हुआ है और उसके पास रखे हुए अस्पताल से मिले भोजन पर चूहे मंडरा रहे हैं। एक चूहा मरीज को मिली रोटी खाता नजर आ रहा है। किसी व्यक्ति ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। वीडियो में खुद को मो. आकिब बताने वाला युवक कह रहा है कि उसका भाई जिला अस्पताल में भर्ती है, जिसे खाना देने के लिये वह दूसरी मंजिल पर स्थित वार्ड में आया तो उसने यह नजारा देखा। इस वीडियो में आकिब और उसका साथी कह रहे हैं कि चूहों का खाया हुआ खाना खाने से मरीज उल्टे बीमार पड़ जायेंगे। उधर, इस संबंध में अस्पताल में सीएमएस का कहना है कि मीडिया से मामला संज्ञान में आया है। इस संबंध में जांच कर कार्रवाई की जायेगी। बता दें कि जिला अस्पताल की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। अस्पताल के बारे में आयेदिन नकारात्मक सूचनाएं मिलती हैं। **( चिंगारी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता )**

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.


फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है !
Hero
★नियम व शर्तें लागू
Good Life Gift Voucher
आवश्यकता है कुशल सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल की
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9289922765, 8048243335

**भली लगे या बुरी ...**

## कौन हैं वे लोग?

आखिर वे कौन लोग हैं, जो सामान्य लोगों को धूर्त बाबाओं और उनके गुर्गों की गोद में धकेल देते हैं तथा वे कौन-सी परस्थितियां हैं, जो आम लोगों को धर्म का ढोंग करने वाले पाखंडियों की शरण में जाने को विवश कर देती हैं। इस सवाल का एक स्थूल और सपाट उत्तर है- इस देश का भ्रष्ट, सत्तालोलुप, विचार-आदर्श-सिद्धांत विहीन राजतंत्र। इस राजतंत्र की मौजूदा रीति-नीतियों के चलते देश में न केवल भ्रष्टाचार, महंगाई, सामाजिक विग्रह जैसी बीमारियां महामारी की तरह फैली हैं बल्कि सामान्य आदमी जीवन के हर मोर्चे पर बुरी तरह असुरक्षित, आतंकित, निराश और हतोत्साहित महसूस करने लगा है। एक सामान्य व्यक्ति को जिन भौतिक, मानसिक, सामाजिक और नैतिक आश्वस्तियों की जरूरत जीवन को सम पर रखने के लिए होती है, उनमें से राज्यतंत्र एक भी आश्वस्ति उसे उपलब्ध नहीं करा पा रहा है। इस दौर में मौजूदा राज्यतंत्र और इसके कर्ताधर्ताओं के प्रति जनता का भरोसा पूरी तरह बिखरा हुआ है। न उसके पास सुरक्षित रोजी-रोटी की गारंटी है, न समुचित न्याय की और न संवेदनशील, सहयोगपूर्ण मानवीय संबंधों की तथा न पारदर्शी, समदर्शी और संवेदनशील प्रशासन की। ऐसी सूरत में आम आदमी को जहां से भी किसी ऐसी आश्वस्ति या सुरक्षा की गारंटी मिलती है, वह उस तरफ दौड़ लगा देता है। इनकी घात में हर वह बाबा बैठा हुआ है जो भक्ति, भरोसे और कल्याण के नाम पर अपनी दुकानदारी चला रहा है। जिस तरह राजनीतिक दलों के लिए एक व्यक्ति, व्यक्ति न होकर वोट होता है, उसी तरह बाबाओं के लिए एक भक्त न होकर उनकी झोली में धन-प्रभाव-सत्ता डालने वाला और छलावे में जीने वाला एक मोहरा मात्र होता है। जब तक एक भक्त पर बाबा की असलियत उजागर होती है, तब तक आमतौर पर वह अपनी सारी प्रतिरोध शक्ति गंवा बैठता है या फिर उस धूर्त जमात में शामिल हो जाता है जो अपने स्वार्थों की खातिर बाबा की निकृष्टताओं से आंखें मूंद लेती है और उसकी जय-जयकार करती रहती है। बड़ी बात यह कि अन्य भारतीय संप्रदाय-समुदाय भी ऐसे ही लोगों की गिरफ्त में हैं। बस, उनके चोले-चोगे भिन्न हैं। ये नकली धर्म-व्यापारी बलात्कारियों से भी ज्यादा खतरनाक हैं।

# भारत के विरुद्ध ड्रोन फोर्स तैयार करने में जुटी पाकिस्तान की गुप्तचर एजेंसी

**▶▶सुभाष आनंद**

हुसैनीवाला के पार से प्राप्त सूचनाओं के अनुसार पंजाब के सीमावर्ती जिलों के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान की गुप्तचर एजेंसी आई.एस.आई ने आतंकवादी गतिविधियां तेज करते हुए अब आतंकवादियों को ड्रोन चलाने की ट्रेनिंग देनी शुरु कर दी है। ऐसा लगता है कि पाकिस्तान खुफिया एजेंसी आई.एस.आई आतंकी प्रशिक्षण शिविरों में भारत के खिलाफ ड्रोन फोर्स तैयार करने में जुटी हुई है। सूत्रों से पता चला है कि इसके लिए बकायदा पाकिस्तान की वायु सेना के बड़े-बड़े अधिकारियों के साथ ब्रिगेडियर अहमद राशिद और सुल्तान अहमद आतंकवादियों को ड्रोन उड़ाने से लेकर उससे हमले करने तक का प्रशिक्षण दे रहे हैं। चीन में बने यह आधुनिक ड्रोन आतंकवादियों और तस्करों का सबसे बढ़िया हथियार समझे जा रहे हैं। इससे बिना किसी परेशानी के भारतीय सीमा में ड्रोन से हथियार और घातक शस्त्रों की सप्लाई की जा रही है। नशीले पदार्थों से लदे ड्रोन भारत में लगातार भेजे जा रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार सीमावर्ती क्षेत्र अमृतसर, तरनतारन, फिरोजपुर, फाजिल्का और गुरदासपुर में सीमा सुरक्षा बलों ने भी अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर अपनी गतिविधियां बढ़ाते हुए अपने आपको सक्रिय और चौकस कर रखा है। उधर, पाकिस्तान के अधिकारी सुबह से शाम तक शिविरों में जाकर आतंकवादियों को ड्रोन उड़ाने का प्रशिक्षण दे रहे हैं। शिविरों में अधिकारी आतंकवादियों को बता रहे हैं कि ड्रोन कितनी ऊंचाई तक उड़ाना होता है, ताकि ड्रोन दुश्मनों के रडार पर न आ सके। किस ड्रोन में कितना ड्रग,असला और विस्फोट भेजना है यह भी वे आतंकवादियों को सिखा रहे हैं। सूत्रों से पता चला है कि पंजाब में जो ड्रोन उड़ाए जा रहे हैं उन्हें पाकिस्तान की सीमा सुरक्षा बल और तस्कर ऑपरेट करते हैं, जिन्हें आई.एस.आई से ट्रेनिंग मिली है। यह ड्रोन बहुत ही आधुनिक ढंग से बनाए जाते हैं जो बड़ी आसानी से 10-15 किलो मीटर उड़ान भर सकते हैं। उड़ान भरने से पहले इसके संचालक भारत में बैठे तस्करों से संपर्क करते हैं और तय स्थान पर ड्रोन से शस्त्रों और नशीले पदार्थों की खेपें उतारते हैं। चीन से बने ड्रोनों का उपयोग जहां पाकिस्तानी सेना कर रही है, वहीं आतंकी भी चीनी ड्रोन का प्रयोग कर रहे हैं। आतंकी कार्रवाईयों में यह ड्रोन पाकिस्तानी सेना, वायु सेना और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आई.एस.आई पहुंचा रही हैं।

1990 के दशक से पूर्व जब भारत-पाक सीमा पर कंटीली तार नहीं लगी थी, तब भी पाकिस्तान से अवैध शस्त्रों और नशीले पदार्थों की तस्करी होती थी। कंटीली बाढ़ लगने के बाद भूमिगत सुरंगों से तस्करी होने लगी थी और अब ड्रोनों के जरिए यह तस्करी हो रही है। सीमा सुरक्षा बल के एक अधिकारी ने बताया कि उच्च तकनीक प्राप्त ड्रोन 500 से 1300 मीटर तक उड़ रहे हैं। सर्दियों में धुंध गहरी होने के कारण इनकी विजिबिल्टी कम हो जाएगी। 500 मीटर से उड़ते ड्रोन को नीचे गिराना मुश्किल होता है। पाकिस्तान की गुप्तचर एजेंसी आई.एस.आई की निगरानी में जो ड्रोन उड़ाए जाते हैं, वे सामान फैंककर शीघ्रता से वापिस लौट जाते हैं, जिसके कारण पंजाब के सीमावर्ती जिलों में लगायी गई एंटी ड्रोन प्रणाली के रडार में वह नहीं आ पाते। उधर, बड़े अधिकारियों का कहना है कि एंटी ड्रोन प्रणाली तभी सफल होगी, जब तकनीक, हमारी गुप्तचर एजेंसियां, रैपिडरिस्पांस टीम तीनों मिल-जुलकर काम करेंगी। पाकिस्तान का नेटवर्क



इस समय पहले से ज्यादा मजबूत एवं आधुनिक है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी (पाकिस्तान रेंजर) प्राय: ड्रोन को रात्रि में ही उतारती हैं। सारी दुनिया मानती है कि पाकिस्तान टैरर फैक्ट्री है। इस समय सीमा पर पाकिस्तान की गतिविधियों को देखकर लगता है कि वह पंजाब के सीमावर्ती जिलों में ड्रोन के जरिए किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकता है। देश की सुरक्षा एजेंसियों ने ऐसे कई इनपुट दिये हैं। हमारी सुरक्षा एजेंसियां एक दम चौकस हैं। ऐसा देखा गया है कि कई बार ड्रोनों पर ज्यादा सामान लाद दिया जाता है और वह भारी सामान के कारण बीच में ही नीचे गिर जाते हैं। जिन्हें स्थानीय असामाजिक तत्व बटोर लेते हैं। मानव रहित यह ड्रोन तस्करों के लिए भी वरदान साबित हो रहे हैं। तस्कर अब बिना जान जोखिम में डाले नशीले पदार्थों की तस्करी करने में लगे हुए हैं। इससे स्पष्ट होता है कि पाकिस्तान के इरादे नेक नहीं हैं। वह भारतीय भूमि को पुन:अशांत करने के लिए लगा हुआ है। अभी तक पंजाब में अधिकतर ऐसे लोगों के पास शस्त्र और नशीले पदार्थों की खेपें पकड़ी गई हैं, जो कंटीली तार के पास खेतीबाड़ी करने जाते हैं। सरहद पर बने गेट तस्करों के लिए गेट वे बन रहे हैं। भारत में ऐसे लोगों की भी कमी नहीं है जो रुपए कमाने के लिए देश की सुरक्षा और अस्मिता से खेलने के लिए सदा तैयार रहते हैं। पिछले दिनों सरहदी क्षेत्रों में आई बाढ़ के दिनों में कई तैराक युवकों ने पाकिस्तान से लाखों की तस्करी की, इनमें कुछ सुरक्षा एजेंसियों के हाथों पकड़े भी गए। पाकिस्तानी ड्रोन देश की सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बने हुए हैं। चाईना मेड ड्रोन पाकिस्तान के मार्केट में सरेआम बिक रहे हैं। वहीं पाकिस्तान में बैठे एक बड़े राजनीतिक दल ने स्वीकार किया है कि मुनीर अहमद पाकिस्तानी सेना के अध्यक्ष खुद पाकिस्तान से उड़ने वाले ड्रोनों की निगरानी कर रहे हैं और ड्रोन हमलों का चार्ज मुनीर ने स्वयं संभाला हुआ है। पाकिस्तान में जिस प्रकार अराजकता फैल रही है, उससे पाकिस्तान की सरकारें घबराई हुई हैं। पाकिस्तान में अराजकता का वातावरण उत्पन्न हो रहा है। इसी कारण पाकिस्तानी सेना भारत में भी अराजकता फैलाने की कोशिशें कर रही है। भारतीय सीमा में एक-एक नहीं, बल्कि चार-चार ड्रोन प्रवेश कर रहे हैं। पिछले एक सप्ताह में 20 से अधिक ड्रोन हिंदुस्तान की सीमा में घुसे हैं। फिरोजपुर के सीमावर्ती क्षेत्र कामल वाला में एक ड्रोन मिला, वहीं गांव राजाराए के पास खेतों में छिपाकर रखी दो पिस्तोलें बरामद की गईं। अमृतसर के पड़ाही गांव में बीएसएफ ने फायरिंग करके ड्रोन को खदेड़ दिया। तलाशी के बाद 1 किलो 604 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। ममदोट से 8.250 किलो ग्राम हेरोइन बरामद हुई, तरनतान में भी 3 किलो हेरोइन बरामद की गई है। गांव जलालवाल से एक नाई को काबू किया गया है, जिसके पास से सवा चार किलो हेरोइन बरामद हुई है। ऐसा लगता है कि पाकिस्तान, भारतीय पंजाब की नौजवान पीढ़ी को नशेड़ी बनाने पर तुला हुआ है।

> **1990 के दशक से पूर्व जब भारत-पाक सीमा पर कंटीली तार नहीं लगी थी, तब भी पाकिस्तान से अवैध शस्त्रों और नशीले पदार्थों की तस्करी होती थी। कंटीली बाढ़ लगने के बाद भूमिगत सुरंगों से तस्करी होने लगी थी और अब ड्रोनों के जरिए यह तस्करी हो रही है। सीमा सुरक्षा बल के एक अधिकारी ने बताया कि उच्च तकनीक प्राप्त ड्रोन 500 से 1300 मीटर तक उड़ रहे हैं।**

पिछले 90 दिनों में पाकिस्तान ने पंजाब सीमा पर 290 ड्रोन भेजे, जिसमें सिर्फ 7 गिराए गए और हाथ में आए सिर्फ तीन। सूत्रों से प्राप्त सूचना के अनुसार पंजाब सरकार को 18.30 करोड़ की राशि से तीन सीमावर्ती जिलों में एंटी ड्रोन प्रणाली लगाने के बावजूद इतनी सफलता नहीं मिल रही है। भारत में यदि इसी प्रकार पाकिस्तानी ड्रोन उड़ते रहे तो यह बहुत बड़ी चिंता की बात है। पाकिस्तान में बैठा सिकंदर इस खेल का असली खिलाड़ी माना जा रहा है। वह हिंद-पाक सीमा पर बसे नौजवानों को छोटे-मोटे लालच देकर तस्करी के धंधे में फंसा रहा है।

# बाढ़ सुरक्षा को लेकर अभी से तैयारियां शुरू

## चौपाल लगाकर ग्रामीणों से लिये सुझाव

## रावली तटबंध की सुरक्षा पर दिया विशेष बल

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बाढ़ सुरक्षा को मजबूत बनाने और आगामी वर्षा ऋतु से पहले आवश्यक तैयारियों का आंकलन करने के उद्देश्य से मध्य गंगा संगठन के अधिकारियों ने गंगा बैराज का निरीक्षण किया। टीम ने निरीक्षण में चौधरी चरण सिंह मध्य गंगा बैराज के रावली तटबंध की सुरक्षा पर विशेष जोर दिया। सोमवार को मध्य गंगा नहर निर्माण मंडल प्रथम, मेरठ के अधीक्षण अभियंता अनुराग अग्रवाल ने अधिशासी अभियंता, मध्य गंगा नहर निर्माण खंड 5 बृजेश मौर्य, एसडीओ अमित चौधरी, संबंधित एई व जेई के साथ संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों और संवेदनशील स्थानों का तकनीकी मूल्यांकन किया। टीम ने बाढ़ से बचाव की सुरक्षा पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त सुरक्षा कार्यों, तटबंध की ऊंचाई बढ़ाने, मिट्टी के कटान को रोकने तथा निकासी मार्गों को बेहतर बनाने जैसे उपायों पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों से मिलकर सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया, ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी तरीके से निपटा जा सके।




### ग्रामीणों को दी जानकारी

अधिकारियों की टीम ने हेमराज कालोनी, नवलपुर बैराज, जीवनपुरी, घासीवाला कालोनी, इटावा, धर्मनगरी, ब्रह्मपुरी और रावली गांवों में चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों से सीधी बातचीत की। चौपाल के दौरान मेरठ के अधीक्षण अभियंता अनुराग अग्रवाल ने क्षेत्र की बाढ़ सुरक्षा से जुड़ी प्रस्तावित परियोजनाओं, तटबंधों के सुदृढ़ीकरण और जल निकासी से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विभाग का लक्ष्य बाढ़ के जोखिम को कम करना और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

### ग्रामीणों ने दिये सुझाव

स्थानीय प्रधानों और ग्रामीणों ने अधिकारियों के सामने अपनी समस्याएं रखीं। कई ग्रामीणों ने बताया कि कुछ स्थानों पर वर्षा के दौरान कटान बढ़ जाता है और जलभराव की स्थिति बन जाती है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि प्रस्तावित परियोजनाओं में स्थानीय जरूरतों को प्राथमिकता दी जाएगी।

## आहट होने पर मचा शोर हाथ में काटकर भागा चोर

**नहटौर ( चिंगारी )।** चोरी के इरादे से घर में घुसे युवक ने पकड़े जाने पर वृद्ध व्यक्ति के सिर में डंडा मार दिया और हाथ में काटकर फरार हो गया, जिससे वृद्ध व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। वृद्ध को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। सोमवार की शाम को थाने पहुंचे मौहल्ला नौधा निवासी जहीर अंसारी ने बताया कि रात्रि में किसी समय उन्हें घर में किसी के घुसने की आहट हुई थी। शोर मचाने पर एक युवक भागता हुआ दिखाई दिया, जिसे जहीर अंसारी ने पकड़ लिया। आरोपी युवक ने खुद को छुड़ाने के लिए पहले तो जहीर के हाथ में काट लिया, उसके बाद सर पर डंडे से वार कर दिया और मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# रवा राजपूत समाज ने मेधावी बच्चों को सम्मानित किया

**मोहम्मदपुर देवमल ( चिंगारी )।** आर्यावर्त रवा राजपूत एकता समिति बिजनौर के तत्वावधान में मेधावी छात्र सम्मान समारोह का पांचवां कार्यक्रम ग्राम गजरौला शिव में सरोज बाल विद्या मन्दिर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार ने की। राष्ट्रीय महासचिव डा. रविंद्र सिंह जादौन व जिला अध्यक्ष तिलक राम की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन समिति के महासचिव शेखर सिंह ने किया। कार्यक्रम में शहबाजपुर, मोहंडिया, बहादरपुर, दरगोपुर, हुकुमपुरा, टीमला, लालपुर, लायकपुरी, गजरौला, खेड़ा आदि गांवों के 34 छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंच पर रवा राजपूत सभा के अध्यक्ष विनीत राजपूत, आर्यावर्त रवा राजपूत एकता सेवा समिति मुज़फ्फरनगर के अध्यक्ष




गुलजारी लाल, उपाध्यक्ष रामकरन, महासचिव अभिषेक राजपूत, सदस्य अजय चौहान, सेवा निवृत बैंक अधिकारी भीम सिंह रहे। इस अवसर पर प्रचार सचिव रोहित राजपूत, विकास राजपूत उर्फ बिट्टू, संगठन सचिव संजीव राजपूत, धर्मवीर राजपूत, कुंवरपाल लायकपुरी, संदीप, योगेश, मास्टर भूदेव, शहबाजपुर आदि की उपस्थिति रही। शहबाजपुर के मास्टर सर्वेश राजपूत ने बच्चों को नीट परीक्षा के बारे में जागरूक किया।

# आरोपी के घर से बरामद हुई लड़की

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** रविवार-सोमवार को देर रात्रि एक व्यक्ति ने थाने पहुंचकर सूचना दी कि उसकी नाबालिग पुत्री को धामपुर थाना क्षेत्र का युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर कुछ देर बाद ही किशोरी को आरोपी के घर से बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष सतेन्द्र मलिक ने बताया कि रविवार-सोमवार की रात्रि में नांगल थानांतर्गत ग्राम हरचंदपुर निवासी एक व्यक्ति ने थाने पर तहरीर दी थी कि 30 नवम्बर को उसकी 17 वर्षीय पुत्री को अर्जुन पुत्र गोविन्द निवासी ग्राम तीबड़ी, थाना धामपुर, जनपद बिजनौर बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पीड़ित व्यक्ति की तहरीर के आधार पर बीएनएस की धारा 137 (2) के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया तथा रात्रि में ही दो टीमें बनाकर पीड़िता की तलाश हेतु रवाना की गयीं। थानाध्यक्ष ने बताया कि एफआईआर दर्ज होने के कुछ समय बाद ही पीड़िता को आरोपी के घर से सकुशल बरामद कर लिया गया, जबकि आरोपी फरार हो गया। थानाध्यक्ष सतेन्द्र मलिक का कहना है कि बरामद किशोरी का चिकित्सकीय परीक्षण कराकर उसके न्यायालय में बयान दर्ज कराये गये हैं।

# व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा की जानकारी दी

**शेरकोट ( चिंगारी )।** सोमवार की दोपहर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा आयोजित प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम में खाद्य कारोबारियों को सुरक्षा एवं वैधानिक व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। मुख्य बाजार स्थित व्यापार मंडल अध्यक्ष शेख इस्माइल के प्रतिष्ठान पर हुए कार्यक्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजीव कुमार ने कहा कि नियमानुसार कार्य न करने वाले कारोबारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने व्यापारियों को जागरूक करते हुए कहा कि सभी खाद्य कारोबारी अपना रजिस्ट्रेशन कराकर खाद्य सुरक्षा के नियमों का पालन करते हुए अपना व्यापार करें। प्रशिक्षक शैलेश कुमार ने कहा कि खाद्य पदार्थों में रंगों का इस्तेमाल करने से पूर्व फूड ग्रेड के कलर और मात्रा का विशेष ध्यान रखें, जिससे लोगों के स्वास्थ्य को नुकसान न हो। इस प्रशिक्षण में शामिल होने वाले लोगों को सर्टिफिकेट दिया जाएगा, जो भविष्य में लाभकारी साबित होगा। कार्यक्रम में अध्यक्ष



शेख इस्माइल, मौ. अरशद, हाफ़िज़ अफजाल, सुरेंद्र रूहेला, शील चंद्र रस्तौगी, मौ. अकरम, मौ. सलाउद्दीन, इमरान अहमद, गुफरान राजा, शेख मोनिस, अतीक अहमद आदि दर्जनों व्यापारियों ने भाग लिया।

# बिना सूचना छुट्टी गये चालक-परिचालक, बसों का चक्का जाम

## वर्कशॉप व रोडवेज परिसर में खड़ी रहीं दर्जनों बसें

### बसों की कमी से यात्रियों को उठानी पड़ी परेशानी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिजनौर रोडवेज डिपो में कर्मचारियों की मनमानी चरम पर है। सोमवार को 10 से अधिक चालक-परिचालक बिना सूचना दिये छुट्टी चले गए, जिसके कारण दर्जनों बसें वर्कशाप व रोडवेज परिसर में खड़ी रहीं। बसों के सड़क पर न होने से जहां यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा, वहीं विभाग को कम लोड फैक्टर से जूझना पड़ा। बिजनौर रोडवेज डिपो के बेड़े में 142 बसें शामिल हैं।



जिसमें करीब 39 बसें अनुबंधित हैं। सोमवार को रोडवेज परिसर में चालक-परिचालक न होने के चलते करीब 10 अनुबंधित बसें खड़ी रहीं। बताया जा रहा है कि सोमवार को काफी संख्या में चालक-परिचालक बिना अधिकारियों को बताए छुट्टी पर चले गये। इतना ही नहीं वर्कशाप में भी काफी बसें चालक-परिचालक न होने के चलते खड़ी रहीं। बसों की कमी के चलते यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। खासकर नगीना रोड के यात्रियों को बसों के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। डिपो का कम लोड फैक्टर भी चालक-परिचालकों को काम करने के लिए प्रेरित नहीं कर पा रहा है। एआरएम बिजनौर अशोक कुमार ने बताया कि 30 व एक तारीख को संविदा के चालक-परिचालक छुट्टी करते हैं, जिसके चलते कुछ बसें खड़ी रह गई हैं। बिना बताए ड्यूटी से गायब रहने वालों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं।

# आयोग द्वारा निर्धारित तिथि का न करें इंतज़ार एसआईआर में सहयोग करे प्रत्येक परिवार

## सपा ने लगाया शिविर


वरिष्ठ सपा नेता डॉक्टर रमेश तोमर का स्वागत करते हुए सपा नगर अध्यक्ष हैदर अली आढ़ती।

**धामपुर ( चिंगारी )।** मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा में समाजवादी पार्टी की ओर से गणना प्रपत्रों को डिजिटाइज्ड कराने हेतु आयोजित किये गये शिविर मे पहुंचे पूर्व सपा विधायक हाजी नईमुल हसन ने विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं का आवाहन किया कि वह चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित की गई तिथि का इंतजार न करें और संबंधित बीएलओ को गणना प्रपत्र भरकर देने में अपनी जागरूकता का परिचय दें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में चल रही एस आई आर प्रक्रिया को लेकर बीएलओ तथा मतदाता दोनों ही असुविधाओं और परेशानियों से घिरे हुए हैं, क्योंकि मतदाता निर्धारित अवधि को लेकर परेशान है तो दूसरी ओर बी एल ओ पर काम का इतना दबाव बढ़ता जा रहा है जिसको लेकर वह मानसिक रूप से परेशान दिखाई दे रहे हैं। इतना ही नहीं चुनाव आयोग की साइट भी धीमी गति से चल रही है।

इस अवसर पर बिजनौर से पधारे वरिष्ठ सपा नेता डॉ. रमेश तोमर, समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन, अखलाक अहमद पप्पू, धामपुर के पूर्व पालिका अध्यक्ष महमूद हसन कस्सार, सपा नगर अध्यक्ष हैदर अली आढ़ती, प्रदेश सचिव शादाब राजा, आसिफ अली कादरी, नसीर अहमद अंसारी, जिला सचिव मेराज अंसारी, मोहम्मद नाजिम अंसारी, राशिद हुसैन, महफूज सागर, अदीबुल हसन, वकील अहमद, शमशाद सैफी एडवोकेट, इस्लामुद्दीन, मोहम्मद जावेद, इमरान अहमद, नवाज अहमद आदि ने भी विचारों के माध्यम से मतदाताओं को अपने तथा परिवार के सदस्यों के प्रपत्र भरकर संबंधित बीएलओ को दिये जाने का आवाहन किया।

# दिवंगत बीएलओ शोभारानी को बार एसोसिएशन ने दी श्रद्धांजलि

**धामपुर ( चिंगारी )।** बार एसोसिएशन ने नगर के मौहल्ला बाड़वान निवासी बीएलओ श्रीमती शोभारानी को उनके असामायिक निधन पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। बार एसोसिएशन धामपुर के अध्यक्ष विनोद कुमार सैनी एडवोकेट की अध्यक्षता और सचिव देवेंद्र कुमार एडवोकेट के संचालन में हुई शोक सभा में दिवंगत श्रीमती शोभा रानी की आत्मिक शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर परमपिता परमात्मा से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस दौरान उनके पति एवं बार एसोसिएशन धामपुर के सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता कृपाल सिंह को ढांढस बधाते हुए परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना भी की गई। शोकसभा के पश्चात श्रीमती शोभा रानी की आत्मा के सम्मान में अधिवक्ताओं ने न्यायालय में मुकदमों से संबंधित कार्य स्थगित रखा।

शोकसभा में बार एसोसिएशन धामपुर के अध्यक्ष विनोद कुमार सैनी एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष राजपाल सिंह एडवोकेट, विनय कुमार गुप्ता एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष भीम सिंह एडवोकेट, पूर्व सचिव वीरेन्द्र कुमार एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष अरूण कुमार गुप्ता, कनिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी कुलवीर सिंह एडवोकेट, उमाशंकर शर्मा एडवोकेट, पूर्व सचिव जावेद उमर एडवोकेट, भूपेंद्र सिंह एडवोकेट, नोटेरी श्रीमती अर्चना, एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन योगेन्द्र पाल सिंह एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह एडवोकेट, सचिव देवेंद्र कुमार एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष मदनपाल सिंह एडवोकेट, अजयवीर सिंह एडवोकेट, नितिन त्यागी एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।

# थानाध्यक्ष ने गीता बाल विद्यालय के छात्रों को दी साइबर सुरक्षा की जानकारी



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** पुलिस कप्तान पौड़ी सर्वेश पंवार के द्वारा जनपद के सभी थाना प्रभारियों को अपने अपने थाना क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थानों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को लैंगिक अपराध, नशीले पदार्थों के सेवन से दुष्प्रभाव, डिजिटल अरेस्ट, साइबर अपराध, ह्यूमन ट्रेफकिंग ओर नए कानूनों के संबंध में जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया है, जिसके तहत थानाध्यक्ष लक्ष्मणझूला संतोष पैथवाल द्वारा गीता बाल विद्यालय गीता आश्रम स्वर्गाश्रम जोंक में गीता जयंती कार्यक्रम के अवसर पर गुरुकुल के वेदपाठी छात्र-छात्राओं के साथ साइबर सुरक्षा और बाल अपराध पर चर्चा की गई। वहीं इस अवसर पर थानाध्यक्ष ने छात्र-छात्राओं को लेगिंग अपराधो से बचाव तथा डिजिटल अरेस्ट और साइबर सुरक्षा के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए साइबर अपराधों की रोकथाम के डिजिटल उपायों पर चर्चा करते हुए नौनिहालों को मादक पदार्थों के सेवन करने से दूर रहकर अपने सुनहरे भविष्य के लक्ष्य पर ध्यान देने पर जोर दिया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष ने आचार्य शिक्षकों को साइबर सुरक्षा जागरूकता पुस्तिका भी भेंट की गई। वहीं पुलिस के द्वारा छात्र-छात्राओं को जागरूकता पांफ्लेट भी वितरित किये गये गीता बाल विद्यालय के संरक्षक, गीता आश्रम के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ.दीपक गुप्ता द्वारा वेदपाठी छात्र-छात्राओं के साथ की गई कानूनी चर्चा को प्रासंगिक बताते हुए थानाध्यक्ष लक्ष्मणझूला संतोष पैथवाल का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में आचार्य शिक्षक गण में सुभाष डोभाल, राजीव लोचन, सतीश डोभाल, आशा रावत ओर वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी विनोद जुगलान, भानु मित्र शर्मा तथा व उप निरी. प्रकाश पोखरियाल, अपर उप निरी. राहुल ठाकुर और सुनील राठी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आचार्य सुभाष डोभाल के द्वारा किया गया।

चिंगारी
ऋषिकेश-लक्ष्मणझूला में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें-
राजेश शर्मा
मो. 9411361854



# 'सवेरा' ने छात्रों को की शीतकालीन वेशभूषा वितरित

**धामपुर ( चिंगारी )।** जैतरा चिंगारी विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध मां शान्ति बाई सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज जैतरा में सामाजिक संस्था 'सवेरा' द्वारा शीतकालीन वेश भूषा का नि:शुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष परमेश्वर अग्रवाल, सचिव विनीत बंसल, कोषाध्यक्ष विकास गर्ग, संजीव अग्रवाल, सरदार सतपाल चावला एवं विद्यालय प्रबन्ध समिति के व्यवस्थापक अमिताभ सिंह, विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य लेखराज सिंह, आचार्या श्रीमती रुद्रेश, श्रीमती रानी आदि उपस्थित रहे।

# फूल कुंवरि पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाई गई भागवत गीता जयंती


गीता जयंती पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थी।

**धामपुर ( चिंगारी )।** सोलह कलाओं से परिपूर्ण भगवान श्री कृष्ण द्वारा कुरुक्षेत्र में अर्जुन को कर्तव्य बोध कराने के लिए दिये गये विचारों के संकलित ग्रंथ गीता की जयंती के उपलक्ष्य में रानी फूल कुंवरि मेमोरियल पब्लिक स्कूल में गीता जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में प्रतिष्ठा वर्मा, राशि अग्रवाल, भूमिका चौहान, रिया बिष्ट, गरिमा ठाकुर, त्रियांश शर्मा, विवान कुशवाहा, अंशिका रानी, पल्लवी, ध्रुव चौहान, मयंक, हार्दिक, संगीता नंदी, अंजलि पाल आदि ने गीता के 12वें अध्याय का पाठन किया।

इस अवसर पर गीता के अध्ययन के महत्व को सभी बच्चों को बताया गया तथा स्कूल के प्रधानाचार्य अवधेश कुमार शर्मा, स्कूल की संचालिका भक्ति राठौड़ ने गीता के पाठन का आव्हान किया। मंच का संचालन इशमोहन कुकरेती ने किया। इससे पहले सभी गीता पाठ करने वाले बच्चों को स्वामी रामसुखदास जी के आश्रम, गीता भवन ऋषिकेश का एक दिन का भ्रमण भी स्कूल द्वारा कराया गया।

# बिना फिटनेस न चले कोई भी गन्ना वाहन : डीएम

## बिलाई मिल को शत-प्रतिशत भुगतान के निर्देश

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में गन्ना मूल्य भुगतान एवं गन्ना ढुलाई में प्रयोग किये जा रहे वाहनों के नियमों के अनुसार संचालन से संबंधित चीनी मिल के प्रबंधकों एवं अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने सभी शुगर मिल अधिकारियों को निर्देशित किया कि गन्ने का परिवहन करने वाले ट्रक व ट्रालों के पीछे साटन का बड़ा लाल कपड़ा अनिवार्य रूप से लगाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि सर्दी के मौसम में कोहरा के दृष्टिगत ट्रकों के पीछे और दोनों साइड में रिफिलेक्टर टेप भी लगाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी




चीनी मिल प्रबंधकों को सचेत करते हुए कहा कि गन्ने का परिवहन करने वाला कोई भी वाहन बिना फिटनेस के सड़क पर नहीं चलना चाहिए। यदि चैकिंग के दौरान बिना फिटनेस के कोई वाहन संचालित पाया जाता है तो वाहन स्वामी के साथ-साथ मिल प्रबंधक के खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि सभी चीनी मिल प्रबंधक मिल पर गन्ना लाने वाले किसानों के लिए सर्दी के दृष्टिगत अलाव की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, शेड का बंदोबस्त तथा पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था करना भी सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने गन्ना भुगतान की समीक्षा करते हुए बिलाई शुगर मिल के प्रबंधक को कड़े निर्देश दिये कि अपनी कार्यशैली में परिवर्तन लाएं और वर्तमान गन्ना पेराई सत्र के अंतर्गत किसानों को गन्ना मूल्य के भुगतान में किसी भी प्रकार की कोई शिकायत उत्पन्न न होने पाए तथा किसानों को उनके गन्ना मूल्य का भुगतान शत-प्रतिशत रूप से समयपूर्वक करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बिजनौर एवं चांदपुर सहित सभी चीनी मिलों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि गन्ना मूल्य का भुगतान करने में अनावश्यक रूप से विलंब न करें और प्राथमिकता के आधार पर किसानों को उनके गन्ना मूल्य का यथाशीघ्र भुगतान करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिला गन्ना अधिकारी एनपी सिंह सहित जिले में स्थापित सभी चीनी मिलों के अधिकारी/प्रबंधक मौजूद थे।

## रेडियो संदेश बिजनौर 89.6 द्वारा जीवनपुरी में चलाया गया जागरूकता अभियान

**बिजनौर (चिंगारी)।** रेडियो संदेश 89.6 बिजनौर एवं स्मार्ट एनजीओ के संयुक्त तत्वावधान में रेडियो संदेश बिजनौर की टीम द्वारा जीवनपुरी ग्राम में ग्राम प्रधान गोपाल सिंह के निवास पर एक जागरूकता कार्यक्रम व नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 'सेहत सही-लाभ कई' विषय के अंतर्गत 'छोटे बच्चों में कुपोषण की समस्या' एवम उनके लिए उचित भोजन, फलाहार, आयरन-कैल्शियम का महत्व तथा शिशु जन्म के बाद मां एवं नवजात की सही देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी आमजन तक पहुंचाना रहा। टीम कोडिनेटर सुनील भारद्वाज ने उपस्थित लोगों को संतुलित आहार, टीकाकरण, नियमित जांच, साफ सफाई तथा जन्म के बाद नवजात की पोषण आवश्यकताओं के बारे में विस्तारपूर्वक जागरूक किया। साथ ही स्वस्थ समाज निर्माण में मातृ व शिशु स्वास्थ्य की भूमिका पर चर्चा की गई।



रेडियो सचिव श्रीमती स्वाति वीरा महाजन एवम संस्था निदेशक डॉ. प्रो. अमित कुमार बंसल ने भी सभी को शुभकामनाएं दीं तथा जागरूकता अभियान हेतु सभी का आभार वक्त किया। कार्यक्रम में रेडियो संदेश टीम से डॉ. शबनम कुरैशी, शबाना बेग, श्यामल मण्डल एवं ग्रामवासी कुलदीप सिंह, ओमपाल सिंह आदि तथा आंगनबाड़ी ज्योति सैनी, आशा वर्कर अंतरेश, ग्राम प्रधान गोपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## विश्व एड्स दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

**बिजनौर (चिंगारी)।** विवेक विश्वविद्यालय, बिजनौर के डिपार्टमेंट ऑफ मेडिकल लैबोरेटरी साइंस द्वारा विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सोमवार को भव्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत बीएमएलएस के छात्रों और विभाग के संकाय सदस्यों ने विश्वविद्यालय से निकलकर आसपास के दो गांव- सरधनी और कम्भौर का भ्रमण किया। कार्यक्रम की शुरूआत जागरूकता रैली से हुई, जिसमें छात्रों ने एड्स की रोकथाम और जागरूकता से जुड़े प्रभावशाली नारे लगाए। रैली में स्थानीय ग्रामीण, खासकर युवा और महिलाएं भी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। इसके बाद टीम ने गांव के सरकारी स्कूल में नुक्कड़ नाटक (स्ट्रीट प्ले) प्रस्तुत किया।



इस नाटक में एचआईवी संक्रमण के फैलने के तरीकों, इससे जुड़ी गलत धारणाओं, सामाजिक भेदभाव तथा समय पर जांच और उपचार की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। अभियान के अंतर्गत छात्रों और शिक्षकों ने ग्रामीणों को लाल रिबन बांधकर विश्व एड्स दिवस से जुड़े प्रतिकात्मक संदेश 'जागरूकता ही बचाव है' का संचार किया।

## पत्नी को दिलाने गये थे दवाई चोरों ने जेवर, नगदी चुराई

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** क्षेत्र के ग्राम चांदपुर उदयपुर निवासी फहीम अहमद ने थानाध्यक्ष रेहड़ को दिये प्रार्थना-पत्र में बताया कि वह 27 नवंबर को अपनी पत्नी फिरोजा खातून को दवाई दिलाने के लिए जसपुर गया हुआ था और वापसी में देर हो जाने पर वह रात को अंगदपुर स्थित अपनी ससुराल में रुक गया था। फहीम का कहना है कि जब वह 28 नवंबर की दोपहर बाद घर पहुंचा और मकान का मेन गेट खोलकर अंदर घुसा तो कमरे का दरवाजा टूटा हुआ देख वह सन्न रह गया। फहीम के अनुसार चोर सेफ अलमारी में रखे ढाई तौला सोने व 700 ग्राम चांदी के जेवरात एवं 5000 रुपए नगदी चुराकर ले गए। थानाध्यक्ष रेहड़ विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर घटना का पर्दाफाश करने के प्रयास शुरू कर दिये गये हैं, शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## फ़र्ज़ी कंपनी के नाम पर किसान से ठगे 25 लाख

### पीड़ित किसान ने कराई कंपनी के पांच संचालकों के ख़िलाफ़ रिपोर्ट दर्ज

**बिजनौर (चिंगारी)।** जय एग्रो बायो साइंस प्राइवेट लिमिटेड सहारनपुर नाम की कंपनी पर बिजनौर के एक परिवार ने 25 लाख रुपये की ठगी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित परिवार की तहरीर पर शहर कोतवाली पुलिस ने छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर कोतवाली के ज्ञान विहार कालोनी रशीदपुर गढ़ी निवासी धर्मेंद्र कुमार का आरोप है कि सहारनपुर स्थित कंपनी जय एग्रो बायो साइंस प्राइवेट लिमिटेड के संचालक, संजीव कुमार, सुशील कुमार, भंवर सिंह, अमित धीमान, जितेंद्र सिंह और अन्य सहयोगी ने उन्हें जैविक खाद तैयार करने वाले प्रोजेक्ट में निवेश करने के लिए राजी किया। संचालक जितेंद्र सिंह ने दावा किया कि अनुबंध के तहत उनकी कंपनी पीड़ित द्वारा की गई खेती से प्रति मीट्रिक टन 5000 रुपये की दर से 1250 मीट्रिक टन उपज खरीदेगी, जिससे पीड़ित को अधिक लाभ होगा। कंपनी का रजिस्ट्रेशन नंबर भी दिखाया गया, जिस पर भरोसा कर धर्मेंद्र ने कई किश्तों में 25 लाख रुपये जमा किए। धर्मेंद्र के अनुसार, कंपनी ने निवेश लेने के बाद केवल 22.50 लाख रुपये के गारंटी चैक और अनुबंध दिया, जबकि 2.50 लाख का चैक आज तक नहीं दिया गया। न तो कोई उत्पाद दिया गया, न ही कोई लाभांश। बार-बार मांगने पर कंपनी संचालकों ने टालमटोल शुरू कर दी और धीरे-धीरे संपर्क करना बंद कर दिया।

### बीमारी में भी नहीं मिला पैसा, मृत्यु हुई

**धर्मेन्द्र का आरोप है कि दिसंबर 2024 में उनके छोटे भाई की तबीयत गंभीर हो गई। वे अपने पैसे के लिए कंपनी के संचालकों के पास गए ताकि भाई का इलाज करा सकें, लेकिन किसी ने सहयोग नहीं किया। अप्रैल 2025 में भाई की मौत हो गई। धर्मेन्द्र का कहना है कि सहारनपुर पुलिस पहले ही संजीव, सुशील, भंवर और अमित धीमान को धोखाधड़ी में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस ने धर्मेन्द्र की तहरीर पर कंपनी संचालक संजीव कुमार, सुशील कुमार, भंवर सिंह, अमित धीमान, जितेंद्र सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शहर कोतवाल धर्मेन्द्र सोलंकी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच की जा रही है।**

# नहीं रुक रही साइबर ठगी, अजय कुमार को 54 हज़ार की चपत लगी

**चांदपुर ( चिंगारी )।** पुलिस प्रशासन के द्वारा बार-बार सचेत किये जाने के बावजूद लोग साइबर अपराधियों के साझे में आकर अपनी पूंजी गंवा रहे हैं। इसी क्रम में साइबर अपराधियों ने एक व्यक्ति से ओटीपी पूछकर उसके क्रेडिट कार्ड से दो बार में 54 हजार रूपए से अधिक की धनराशि निकाल ली। थाने में दी तहरीर में नगर के मुहल्ला सरायरफी विवेकनगर निवासी अजय कुमार पुत्र हरज्ञान सिंह ने बताया कि उसका एचडीएफसी बैंक का क्रेडिट कार्ड बना हुआ है। 28 नवम्बर की शाम को उसके मोबाइल नंबर पर फोन आया, फोन करने वाले व्यक्ति ने उसे बताया कि उसका क्रेडिट कार्ड डीएक्टिवेट हो गया है, इसको चलाने के लिए एक्टीवेट रखना जरूरी है, नहीं तो पैनलटी लग जाएगी, उसके झांसे में आकर उसको मोबाइल फोन पर आये ओटीपी बताने पर उसके क्रेडिट कार्ड से एक बार में 49393.35 पैसे तथा दूसरी बार में 49200 रूपये निकाल लिये गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। मालूम हो कि पुलिस प्रशासन द्वारा पिछले लम्बे समय से अभियान चलाकर लोगों को बताया जा रहा है कि वे किसी को भी मोबाइल पर आये ओटीपी को न बताएं, लेकिन उसके बाद भी लोग साइबर अपराधियों के साझे में आकर अपने पैसे गंवा रहे हैं।

## एडवोकेट पर हमला करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार




**नूरपुर ( चिंगारी )।** पुलिस ने संजीव एडवोकेट के हमलावर को तमंचे सहित गिरफ्तार कर चालान कर दिया। गत बुधवार की देर शाम मुरादाबाद स्थित डायमंड सिटी में अपने कार्यालय में बैठे कस्बे के मोहल्ला कबीरनगर निवासी अधिवक्ता संजीव कुमार पर आकाश ने अपने पांच-छह साथियों के साथ मिलकर तमंचे व लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया था। घटना के सम्बंध में अधिवक्ता संजीव कुमार ने आकाश पुत्र विकेश को नामजद कराते हुए कई अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। घटना के बाद से आरोपी फ़रार चल रहे थे। अधिवक्ता पर हमले की घटना से क्षेत्रीय अधिवक्ता संघ में रोष फैल गया था। आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर संघ ने एसओ विकास कुमार को ज्ञापन सौंपा था। पुलिस हमलावरों की तलाश में जुटी थी।

## गरीबों को ठंड से बचाने का काम करेगी सर्वोदय सामाजिक सेवा संस्था



14 दिसंबर को होगा कंबल वितरण कार्यक्रम

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** ग्राम सीरवासुचंद निवासी डॉ. तेजपाल सिंह चौहान द्वारा स्थापित सर्वोदय सामाजिक सेवा संस्था 14 दिसंबर को जरूरतमंदों को कंबल वितरित करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। चिंगारी के स्थानीय कार्यालय पर पधारे डॉ. तेजपाल सिंह ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र के ग्राम आसफाबाद चमन स्थित राखी मेमोरियल इंटर कॉलेज में होने वाले इस कार्यक्रम में अनेक प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। तेजपाल सिंह ने बताया कि संस्था द्वारा वर्षों से लगातार इस प्रकार के सामाजिक कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। उन्होंने समाज के हर सक्षम व्यक्ति से अपनी-अपनी सामर्थ्य के अनुसार गरीबों और बेसहारा लोगों की मदद करते रहने आह्वान करते हुए कहा कि हर जरूरतमंद का हर सक्षम व्यक्ति पर यह हक है कि वह उसकी मदद करे। मुलाकात के इस मौके पर उनके साथ संस्था के संरक्षक सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर ठाकुर रामवीर सिंह एवं युवा कार्यकर्ता अमित कुमार भी मौजूद रहे।

## साढ़े सात माह पूर्व चोरी हुए ट्रक की कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज हुई

**चांदपुर ( चिंगारी )।** नूरपुर रोड से साढ़े 7 माह पूर्व चोरी हुए 10 टायरा ट्रक चोरी की रिपोर्ट कोर्ट के आदेश से दर्ज हुई। न्यायालय सिविल जज जूडि/न्यायिक मजिस्ट्रेट चांदपुर में दिये गये प्रार्थना-पत्र में परवेज आलम पुत्र छिददा हुसैन निवासी अल्लापुर भिक्कनपुर जिला मुरादाबाद ने कहा था कि वे ट्रक संख्या यूपी 21 सीटी 7610 का मालिक व चालक है तथा ट्रक चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। प्रार्थना-पत्र में बताया गया कि वे 16 अप्रैल 2025 की रात्रि में मुरादाबाद से हरिद्वार जा रहा था। ट्रक को किसान कालोनी पर खड़ा कर चांदपुर में नूरपुर रोड पर स्थित एक ढाबे पर खाना खाने चला गया, खाना खाकर जब वह वहां आया तो वहां से उसका ट्रक गायब था, काफी तलाश करने पर भी उसके ट्रक का कहीं पता नहीं लग सका। ट्रक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए वह थाने गया, लेकिन उसकी रिपोर्ट नहीं लिखी गई, तब उसने 7 मई को पुलिस अधीक्षक को ट्रक चोरी होने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया, उसके बाद भी उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली।

## बंद पड़ा मकान चोरों ने खंगाला

**चांदपुर ( चिंगारी )। चोरों ने बन्द पड़े मकान के ताले तोड़कर वहां से 25 हजार रूपए की नकदी, सोने-चांदी के आभूषण व बर्तन आदि कीमती सामान चोरी कर लिया। थाने में दी गई तहरीर में स्याऊ, बिजनौर रोड पर रहने वाली शोभा रानी पत्नी संजय राजपूत ने बताया कि वे 30 नवम्बर को दवाई लेने के लिए धामपुर गयी थी, रात्रि में चोरों ने उसके बन्द पड़े मकान से इन्वर्टर बैटरा, एक एलसीडी, तीन जोड़ी सोने के कानों के कुंडल, एक सोने की चेन,दो सोने की अंगूठी, तीन जोड़ी चांदी की पायल, 25 हजार रूपए की नकदी व पीतल काशी के बर्तन चोरी कर लिये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।**



## कार्यालय नगर पालिका परिषद नहटौर, जनपद-बिजनौर

**पत्रांक: 1368/न.पा.परि.नह./2025-26** **दिनांक : 01-12-2025**

### अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद नहटौर द्वारा राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत अवमुक्त धनराशि से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट के अन्तर्गत नगर नहटौर के समस्त 25 वार्डो में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, कूड़े का पृथक्कीकरण, कम्पोस्टिंग एवं एम.आर.एफ. सेन्टर संचालन के कार्य की वेबसाईट www.etender.up.nic.in के माध्यम ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं, जिसके निविदा अभिलेख एवं शर्ते वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 02.12.2025 प्रातः 11:00 बजे से दिनांक 23.12.2025 को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे, जहां से इन्हें डाउनलोड किया जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांक- 23.12.2025 को समय दोपहर 02:00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाईन अपनी निविदा दर डाल सकते हैं।

| | |
|---|---|
| E-Tender reference | Ltr.No. / न.पा.प.नह./2025-26 |
| Publish and Time for RFP | दिनांक 02.12.2025 प्रात 11:00 बजे |
| Last date and time for submission of E-Tender | दिनांक 23.12.2026 दोपहर 02:00 बजे |
| Date of time of opening tender | दिनांक 23.12.2025 सायं 04:00 बजे |
| Place of opening of E-Tender | Office Nagar Palika Parishad Nehtaur |
| E-Tender Security | 10% of Tender Value |
| E-Tender Document processing | As per tender List |

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद नहटौर
जनपद-बिजनौर

**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद नहटौर
जनपद-बिजनौर

# आरिश हुआ गिरफ्तार, चर्चाओं में आया मच्छमार

## युवक के आतंकी कनेक्शन से गांव वालों के होश उड़े

**बिजनौर ( चिंगारी )**। जनपद के अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम मच्छमार से दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मोहम्मद आरिश उर्फ आसिफ को गिरफ्तार किया है। आरिश पर अवैध हथियार खरीदने-बेचने का आरोप है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरिश के पाकिस्तान के आतंकी शहजाद भट्टी से जुड़े होने की भी आशंका है। आरिश को मध्य प्रदेश में गिरफ्तार विकास प्रजापति ने शहजाद भट्टी से मिलवाया था।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि मोहम्मद आरिश अवैध असलहा खरीदने और बेचने में लिप्त रहा है। विकास प्रजापति ने पूछताछ में कबूला था कि उसने पिस्टल आरिश से खरीदी थी। आरिश के पाकिस्तान के आतंकी शहजाद भट्टी के साथ जुड़े होने की संभावना जताई जा रही है।

उधर, आरिश के पिता अल्ताफ ने बताया कि स्पेशल सेल की टीम उनके बेटे को किसी ब्लास्ट के मामले में अपने साथ ले गई है। उन्होंने बताया कि आरिश 18 नवंबर को गांव आया था। पुलिस ने पहले अल्ताफ को हिरासत में लिया, और आरिश के घर पर न मिलने पर अल्ताफ ने उसके बाजपुर में होने की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस अल्ताफ को साथ लेकर बाजपुर पहुंची, वहां से आरिश को हिरासत में लिया और धामपुर में अल्ताफ को छोड़कर आरिश को अपने साथ ले गई।


आरोपी आरिश

### गांव में हड़कंप, लोग हैरान

**आरोपी के पिता मोहम्मद अल्ताफ का कहना है कि अगर उनका बेटा गुनहगार है तो उसे सजा मिलनी चाहिए और अगर निर्दोष है तो उसे छोड़ दिया जाना चाहिए। आरिश पुणे में रहकर सैलून में काम करता था। वह 20 दिन पहले ही मच्छमार आया था। रविवार को गांव के कुछ लड़कों के साथ बाजपुर में मजदूरी करने गया था। इस गिरफ्तारी और आतंकी कनेक्शन की आशंका को लेकर मच्छमार सहित पूरे इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। ग्रामीण आरिश की गतिविधियों को लेकर अनजान हैं और इस घटना से सभी हैरान भी हैं।**

### परिवार बेहद गरीब

आरिश का परिवार का बहुत गरीब है। आरिश का पिता अल्ताफ पहले काशीपुर में रिक्शा चलाता था। बाद में वह टेंट की दुकान पर काम करने लगा। पिछले कुछ दिनों से वह गांव में ही रहकर मजदूरी करता है। उसका दूसरा पुत्र आरिश का छोटा भाई टेंट पर काम करता है, जबकि आरिश का बड़ा भाई उत्तराखण्ड में वैल्डिंग का काम करता है। आरिश की एक विवाहित बहन है। आरिश की अभी शादी नहीं हुई। अल्ताफ का कहना है कि आरिश ने उन्हें कभी कोई अतिरिक्त पैसा नहीं दिया। आरिश के आतंकी कनेक्शन को लेकर गांव वाले भी हैरान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आरिश बहुत कम गांव में आता था। उसका गांव के कुछ ही लोगों से मिलना-जुलना था। पुलिस उसके यार-दोस्तों की कुंडली भी खंगाल रही है।

## इंटरनेशनल आतंकी मॉड्यूल का ऑपरेटिव था आरिश

**दिल्ली पुलिस के अनुसार गैंगस्टर से आतंकवादी बने शहजाद भट्टी के पाकिस्तान समर्थित इंटरनेशनल आतंकी मॉड्यूल के 3 मुख्य ऑपरेटिव गिरफ्तार किये गये हैं, जिनमें मध्य प्रदेश के दतिया का विकास प्रजापति, पंजाब के फिरोजपुर का हरगुनप्रीत सिंह और उत्तर प्रदेश के बिजनौर के मच्छमार का आरिश शामिल है। ये तीनों शहजाद भट्टी के निर्देश पर काम कर रहे थे। लॉरेंस बिश्नोई भाई अनमोल को धमकी देने से शहजाद भट्टी चर्चाओं में आया था।**

### आरिश को विस्फोट करने की जिम्मेदारी दी थी

आरिश उर्फ आसिफ के पिता अल्ताफ का कहना है कि आरिश को बड़े स्थानों पर विस्फोट करने की जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन आरिश ने विस्फोट करने से मना कर दिया और 20 दिन पहले वापस गांव आ गया। अल्ताफ का कहना है कि विकास प्रजापति उसे विस्फोट न करने पर परिवार सहित जान से मारने की धमकी दे रहा था। इस कारण आरिश ने हफ्तों तक अपना मोबाइल फोन भी बंद रखा। आसिफ की गिरफ्तारी से उसका परिवार बहुत गमजदा है। आरिश की मां मेहरुनिशा ने अपने बेटे को निर्दोष बताया है। उसका कहना है कि आरिश को षडयंत्र के तहत फंसाया गया है।

## नलकूप चालक के पद से रिटायर हुए हुकम सिंह को सम्मानित किया

**चांदपुर ( चिंगारी )**। नलकूप विभाग से नलकूप चालक के पद से सेवानिवृत्त हुए हुकम सिंह जाटव को फूल मालाओं से लादकर तथा बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर का चित्र देकर सम्मानित किया गया। यहां नुरपुर रोड स्थित नलकूप कालोनी में आयोजित कार्यक्रम में युवा रालोद के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं जलीलपुर वार्ड 5 से जिला पंचायत सदस्य के लिए भावी प्रत्याशी हनी तोमर ने 38 वर्ष की सेवा के बाद नलकूप चालक के पद से सेवानिवृत्त हुए हुकम सिंह जाटव को बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर का चित्र देकर सम्मानित कर उनकी दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर हुकम सिंह जाटव ने कहा कि वे सेवानिवृत्त होने के बाद रालोद की सेवा करेंगे। इस अवसर पर हनी तोमर ने हुकम सिंह जाटव की प्रशंसा करते हुए उन्हें नेक इंसान बताया। कार्यक्रम में सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष लवकुश फौजी, जिला महासचिव ब्रजवीर सिंह, जिला उपाध्यक्ष चौ. प्रीतम सिंह, राजवर्धन चौधरी, यशवीर सिंह तोमर आदि मौजूद रहे।



## यूपी में इस बार, ज्यादा ठंड पड़ने के आसार

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने इस बार प्रदेश में पिछले वर्षों की अपेक्षा ज्यादा ठंड पड़ने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार वर्ष 2025 के नवंबर माह में उत्तर प्रदेश का औसत न्यूनतम तापमान सामान्य से 1 से 2 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया, जबकि औसत अधिकतम तापमान भी सामान्य से 1 से 3 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज रहा है। वर्तमान में भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में सक्रिय ला-नीना परिस्थितियां क्रमशः कमजोर हो रही हैं, जबकि हिंद महासागर में नकारात्मक भारतीय महासागरीय द्विध्रुव ( इंडियन ओसेन डिपोल ) के तटस्थ स्थिति की ओर जाने की संभावना है। इन दोनों जलवायु प्रणालियों के संयुक्त प्रभाव से आगामी दिसंबर-जनवरी-फरवरी के दौरान प्रदेश में ठंडक का असर सामान्य से अधिक रहने की संभावना व्यक्त की गई है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ. एके सिंह के अनुसार, शीत ऋतु में विशेषकर दिसंबर 2025 से फरवरी 2026 तक उत्तर प्रदेश के अधिकांश इलाकों में औसत तापमान सामान्य से कम रह सकता है। केवल पूर्वांचल के दक्षिणी भाग ( सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, भदोही, बलिया ) को छोड़कर, प्रदेश के बड़े क्षेत्रों में शीतलहर के दिनों की संख्या सामान्य से 25 दिन अधिक रहने का अनुमान है।**

## 10 एएनएम का 15 दिन का वेतन रोका



**नगीना ( चिंगारी )**। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित स्वास्थ्यकर्मियों की बैठक में टीकाकरण उत्सव की सफलता के लिए रणनीति बनाई गई। इस दौरान कार्य में शिथिलता बरतने वाली 10 एएनएम का 15 दिवस का वेतन रोका गया। सोमवार की दोपहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर विशाल दिवाकर की अध्यक्षता में आयोजित एएनएम,एलएचवी, आईओ की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में माह दिसंबर को टीकाकरण उत्सव मनाने व छूटे हुए बच्चों का शत - प्रतिशत टीकाकरण कराने की कार्य योजना तैयार की गई इस दौरान बीडब्लूआर बैठक की समीक्षा, एनसीडी स्क्रीनिंग आदि विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में अमन बंसल, हर्षित बिश्नोई, खुर्शीद आलम, अभिषेक, रेखा रानी मौजूद रहे।

# सुबह हो या शाम, रेलवे फाटक पर लगा रहता है जाम




**बिजनौर ( चिंगारी )।** शहर के नगीना रोड स्थित रेलवे फाटक के पास इन दिनों जाम की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। फाटक के आसपास ठेलों और ट्रांसपोर्ट कंपनियों के ट्रक खड़े होने से सड़क का एक बड़ा हिस्सा अवरुद्ध रहता है। इससे आवागमन बाधित होता है और फाटक बंद होने के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, फाटक बंद होते ही वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। जैसे ही फाटक खुलता है, सभी वाहन एक साथ निकलने की कोशिश करते हैं, जिससे जाम और ज्यादा बढ़ जाता है। इस दौरान मुसाफिरों को घंटों तक जाम में फंसे रहना पड़ता है, जिससे दैनिक दिनचर्या प्रभावित होती है। इस समय वैसे भी गन्ने का सीजन चल रहा है और किसान अपने गन्ने की ट्रैक्टर-ट्राली और बुग्गी लेकर मिल में डालने जाते हैं जिससे जाम की समस्या और गंभीर हो जाती है। लोगों का कहना है कि रेलवे विभाग को ठेलों और ट्रकों के लिए फाटक से कुछ दूरी पर पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। वहीं यातायात पुलिस यदि समय रहते ट्रैफिक प्रबंधन संभाले, तो जाम की स्थिति में काफी सुधार आ सकता है।

## विजेता टीम को स्कूल परिवार ने किया सम्मानित



स्कूल परिवार की ओर से विजेताओं को सम्मानित करतीं पीटीआई।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** बढ़ापुर वि.स. क्षेत्रांतर्गत अफजलगढ़ क्षेत्र में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वावधान में मीरी-पीरी खालसा एकेडमी में आयोजित दो दिवसीय 'माननीय विधायक खेल स्पर्धा' में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ, जिसमें लाम्बा कान्वेंट स्कूल पेबंदखेड़ी (कादराबाद) के विद्यार्थियों की टीम ने विजय पताका फहराई। टीम के कप्तान तुषार धामा के नेतृत्व में इस विजयी टीम में आकाश, प्रियांशु, विक्रांत, प्रीति, अनंत व सुमित आदि खिलाड़ी शामिल रहे, जिन्हें जहां एक ओर प्रतियोगिता की आयोजक टीम द्वारा पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया, वहीं सोमवार को लाम्बा कान्वेंट स्कूल परिवार द्वारा भी अपने विद्यालय के इन मेधावी कबड्डी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। स्कूल के डायरेक्टर जितेंद्र सिंह लाम्बा, सब डायरेक्टर विश्वजीत लाम्बा, प्रधानाचार्य अमित कुमार व पीटीआई नीलम चौधरी सहित समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## बंद कुएं के गड्ढे में मिला गुलदार का शावक

**किरतपुर ( चिंगारी )।** ग्राम भगवानपुर के जंगल में बंद पड़े कुएं के गड्ढे में गुलदार का शावक मिलने से सनसनी फैल गई। चिंगारी को मिली जानकारी के अनुसार भगवानपुर के जंगल में केशव शरण राजपूत के बंद पड़े कुएं के गड्ढे में गुलदार का शावक को गांव वालों ने देखा।

यह खबर पूरे गांव में आग की तरह फैल गयी। सूचना मिलने पर वन दरोगा परशुराम, क्षेत्रीय वन अधिकारी रामकुमार, नजीबाबाद डिप्टी रेंजर नीतेश कुमार, वनरक्षक दीपक कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने गुलदार के शावक का रेस्क्यू किया। बताया कि गुलदार के शावक की उम्र लगभग एक वर्ष है।



समाचार लिखे जाने तक शावक को जंगल में छोड़ने की तैयारी चल रही थी।

## कृष्णा कॉलेज में मनाया गया विश्व एड्स दिवस

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस में सोमवार को विश्व एड्स दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में एड्स के प्रति सही जानकारी, रोकथाम और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय प्रबंध निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डॉ. परवेज अहमद खान व कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस की प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने जागरुकता रिबन लगाकर किया। विश्व में हर वर्ष 1 दिसम्बर को एड्स दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को एड्स संक्रमण के कारण, लक्षण, बचाव और फैलने के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। कॉलेज के विभिन्न छात्रों और शिक्षकों ने रैली के रूप में परिसर का भ्रमण किया तथा जागरूक बनें, सुरक्षित रहें जैसे संदेशों के माध्यम से सकारात्मक संदेश दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभागाध्यक्षा डा. शालिनी शर्मा, डा. पूनम गुप्ता, डा. शोभा सिंह, डा. पायल राठी, सहायक प्रवक्ता अदिबा शारिक, सलौनी चौधरी, सौम्या वर्मा, श्वेता टॉक, रश्मि वत्सल, मीतू राजपूत, शुभांशी वर्मा, दीक्षा त्यागी आदि का विशेष योगदान रहा।



## सड़क निर्माण में मानकों का खुला उल्लंघन

### अधिशासी अभियंता से की गई शिकायत

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** लोक निर्माण विभाग नजीबाबाद द्वारा बनाई जा रही सड़क में मानकों का खुला उल्लंघन किया जा रहा है। इसकी शिकायत अधिशासी अभियंता से की गई है। क्षेत्र के ग्राम चंदोक में जंगल की चकरोड पर किसानों की सुविधा के लिये लोक निर्माण विभाग नजीबाबाद द्वारा 238 लाख रुपये की लगत से 3 किमी. लम्बी डामर रोड का निर्माण किया जा रहा है। क्षेत्रीय विधायक हाजी तसलीम अहमद की संस्तुति पर पीडब्ल्यूडी द्वारा उक्त सड़क का निर्माण किया जा रहा है। 3.100 किलोमीटर लम्बी उक्त सड़क चंदोक के जंगल से होते हुए सुंगरपुर बेहड़ा वाले सम्पर्क मार्ग से जुड़ेगी। उक्त सड़क के निर्माण से किसानों को काफी लाभ होगा। लेकिन सड़क निर्माण में मानकों का खुला उल्लंघन किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि मोटे पत्थर की जगह बारीक पत्थर बिछाया गया है। सड़क की मोटाई मानक से काफी कम है।

ग्रामीणों की शिकायत पर क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं बी-पैक्स भागूवाला के सभापति एड. ब्रजराज सिंह देशवाल ने मौके पर जाकर सड़क निर्माण कार्य को देखा। ब्रजराज सिंह ने बताया कि सड़क निर्माण में मानकों को ताक पर रखा जा रहा है। उन्हें ग्रामीणों ने नीचे



डाले गये पत्थर की मोटाई भी खोदकर दिखाई। उन्होंने इसकी शिकायत लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता शैलेन्द्र सारस्वत तथा जेई रवि कश्यप से की है। वहीं जेई रवि कश्यप का कहना है कि उन्होंने सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया था, उन्हें कार्य मानकों के अनुरूप होता हुआ मिला है।

# दुर्घटनास्थल का मंज़र देख कलेजा मुंह को आया

**शेरकोट (चिंगारी)।** दुर्घटना स्थल का मंज़र इतना भयानक था कि देखने वालों का कलेजा मुंह को आ गया। तीनो वाहनों की भिड़न्त इतनी भीषण थी कि डीसीएम काफी दूर तक बाइक और पिकअप को खींचती ले गई। हादसे से सड़क किनारे लगी रेलिंग भी टूट गई। घटना के बाद डीसीएम चालक मौके से फरार हो गया।





## नेशनल हाईवे पर जाम लगा

हादसे के कारण हाईवे पर जाम लग गया। दोनो ओर वाहनों की लम्बी लाइन लग गई। पुलिस ने वाहनों को हटवाकर हाईवे पर यातायात बहाल कराया।

## ये माना जा रहा है कारण

रामगंगा नदी के पुल पर पिछले लगभग दो माह से मरम्मत का कार्य चल रहा है जिसके कारण नेशनल हाईवे पर यातायात वनवे चल रहा है। यातायात वनवे होने के कारण कई बड़े सड़क हादसे हो चुके हैं,जिनमे आधा दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इस दुर्घटना का कारण भी यातायात वनवे होना माना जा रहा है।

## परिजनों को दी सूचना

थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है।मृतकों के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। परिजन पीएम हॉउस पर पहुंच गये हैं। उनका दहाड़े मार मार कर रोना देखा नहीं जा रहा।

गीजर ही गीजर





सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।



खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476

# नशेड़ी बेटे ने मां की दुकान में लगा दी आग



**बिजनौर (चिंगारी)।** एक नशेड़ी युवक ने अपनी बूढ़ी माँ की दुकान में आग लगा दी जिससे सारा सामान जल कर राख हो गया। डर के कारण बूढ़ी माँ नालायक बेटे की शिकायत भी नहीं कर रही। कांशीराम कालोनी रामलीला में रहने वाली भूरी नामक महिला का ब्लाक नम्बर 45 के बाहर खोखा है, जिसमें वह परचून का सामान बेचती है। भूरी का बेटा रिहान नशेड़ी है। वह नशे में आयेदिन मां को डाटता-डपटता रहता है। भूरि के अनुसार रिहान रात लगभग एक बजे नशे की हालत में घर आया था, तब तक वह सो चुकी थी। रिहान ने दरवाजा खटखटाया। दरवाजा खोलने में देर हो गई, जिससे क्षुब्ध होकर रिहान ने अपनी मां के खोखे में आग लगा दी, जिससे सारा सामान जलकर राख हो गया। भूरि नुकसान पर आंसू बहा रही है। वह इस डर से शिकायत भी नहीं कर रही कि यदि उसने शिकायत की तो उसका बेटा उसके साथ मारपीट करेगा।

# चार दिन में दूसरी बार नाश्ते की मेज पर मिले सिद्धारमैया और शिवकुमार, बोले- सुशासन के लिए समर्पित

**बंगलूरू (एजेंसी/चिंगारी)।** सीएम सिद्धारमैया नाश्ते के लिए आज डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के आवास पहुंचे, जहां दोनों नेताओं के बीच नाश्ते पर चर्चा हुई। इससे पहले डीके शिवकुमार और उनके भाई डीके सुरेश ने सीएम का स्वागत किया। डीके शिवकुमार के कार्यालय ने दोनों नेताओं की तस्वीर जारी की है, जिसमें दोनों नेता चर्चा करते नजर आ रहे हैं। मुलाकात के बाद डीके शिवकुमार ने कहा, आज मैंने अपने घर पर माननीय मुख्यमंत्री को नाश्ते पर बुलाया, क्योंकि हम कांग्रेस के विजन के तहत सुशासन और राज्य के लगातार विकास के लिए समर्पित हैं।



इससे पहले शनिवार को भी दोनों नेता नाश्ते पर मिले थे और वह मुलाकात सीएम आवास पर हुई थी। इस तरह बीते चार दिनों में दोनों नेताओं की दूसरी बार नाश्ते की मेज पर मुलाकात हुई। सोमवार को सीएम सिद्धारमैया ने कहा था कि वह मंगलवार को डीके शिवकुमार के आवास पर नाश्ता करने जाएंगे। हालांकि सीएम ने कहा था कि उन्हें अभी तक औपचारिक निमंत्रण नहीं मिला है। इसके बाद शाम में सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में डीके शिवकुमार ने सीएम को नाश्ते के लिए आमंत्रित किया। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने दोनों नेताओं की मुलाकात पर कहा, %ये अच्छी बात है कि हमारे दोनों नेता फिर से नाश्ते पर मुलाकात कर रहे हैं। हम बस ये चाहते हैं कि पिछले महीने भर से जो कुछ हो रहा है, उसका शांतिपूर्वक समझौता हो जाए। पार्टी आलाकमान की सलाह पर दोनों दूसरी बार मिल रहे हैं। सभी मुद्दे सुलझ जाएंगे। सिद्धारमैया ने शिवकुमार से बात की थी और अब शिवकुमार ने सिद्धारमैया को बुलाया है। सबकुछ शांतिपूर्वक हो रहा है। अलग-अलग लोगों की अलग-अलग महत्वकांक्षाएं हो सकती हैं। मुझे नहीं लगता कि ये गलत है। सोमवार को शिवकुमार ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा मैं और मुख्यमंत्री लगातार मिलकर काम कर रहे हैं, एक टीम की तरह। मैंने माननीय मुख्यमंत्री को कल नाश्ते के लिए आमंत्रित किया है। नाश्ते पर हम कर्नाटक में किए गए वादों को पूरा करने के साझा प्रयासों पर चर्चा करेंगे।

# मोबाइल में जो सिम होगा, उसी नंबर से चलेगा व्हाट्सएप

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** एक बार मोबाइल में नंबर वेरीफाई करने का बाद सिम निकाल देने पर भी उस पर आराम से उसी नंबर का व्हाट्सएप और टेलीग्राम जैसे ऐप चलते हैं। अब सरकार ने इस पर रोक लगाने के लिए ऐप कंपनियों को 90 दिन का समय दिया है। दूरसंचार विभाग ने व्हाट्सएप, टेलीग्राम, स्नैपचैट, अरत्तई, शेयरचैट, जोश, जियोचैट और सिग्नल मैसेजिंग ऐप को निर्देश दिया है कि वे 90 दिन के भीतर निर्देशों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करें और 120 दिन के अंदर इसकी रिपोर्ट सौंपे। विभाग द्वारा गत 28 नवंबर को जारी निर्देश का उद्देश्य साइबर अपराधों को रोकना है जिसमें अपराधी भारतीय सिम से डिवाइस पर ऐप इंस्टाल कर विदेश से उसी डिवाइस का दुरुपयोग कर अपने नापाक मंसूबों को अंजाम देते हैं। निर्देशों में यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि संबंधित ऐप डिवाइस के बदले सिम से लिंक हो, ताकि सिम निकालते ही ऐप भी निष्क्रिय हो जाये। इसके अलावा वेब और डेस्कटॉप सेशन के लिए हर छह घंटे में खुद-ब-खुद लॉगआउट करना अनिवार्य किया गया है।

# ग्राम धनसिनी में फिर पकड़ा गया एक खूंखार गुलदार

## वनविभाग के पिंजरे में फंसा दूसरा गुलदार



नजीबाबाद (चिंगारी)। तहसील के ग्राम धनसिनी में कुछ दिनों पूर्व वनविभाग द्वारा गुलदार को पकड़ने के लिए लगाए गए पिंजरे में एक गुलदार फंस गया। सोमवार को सुबह गांव निवासी सीताराम व मास्टर रघुवीर सिंह अपने खेतों पर घूमने के दौरान अपने खेत पर लगे पिंजरे में गुलदार को कैद देखा। खेत पर लगे पिंजरे में गुलदार के कैद होने पर गांव में शोर मच गया। काफी संख्या में ग्रामीण पिंजरे में फंसे गुलदार को देखने पहुंचे। गांव के लोगों ने वन विभाग की टीम को गुलदार के पिंजरे में फंसने की सूचना दी। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम में शामिल राम कुमार रेंजर, परशुराम दरोगा, हर गोविंद सिंह डिप्टी रेंजर मौके पर पहुंचे। वनविभाग की टीम पिंजरे में कैद हुए गुलदार को अपने साथ ले गई। बताया जाता है कि जिला बिजनौर में अब तक करीब 102 से अधिक गुलदार पकड़े गए है। गांववासियों का कहना है अभी ग्रामीण क्षेत्रों में अन्य गुलदार देखे जा रहे हैं। गांव वासियों ने गांव में अन्य पिंजरे लगाने की मांग की। पिछले महीने भी गांव में एक गुलदार पकड़ा गया था। धनसिनी से एक माह के अंदर यह दूसरा गुलदार पकड़ा गया। पकड़ा गया गुलदार मादा है जिसकी आयु दो से ढाई साल बताई जा रही है। धनसिनी में दूसरा गुलदार पकड़े जाने पर गांववासियों ने राहत की सांस ली है।

# एसआईआर कार्य 100 प्रतिशत पूरा करने पर शिक्षक शादाब सम्मानित



नजीबाबाद (चिंगारी)। एसडीएम शैलेंद्र कुमार ने तहसील के डबाकरा हॉल चैधरी चरण सिंह सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बीएलओ उर्दू शिक्षक हाफिज शादाब मुल्तानी को एसआईआर का 100 प्रतिशत काम को जल्दी पूरा करने पर प्रशिस्त पत्र देकर सम्मानित किया गया। उर्दू शिक्षक शादाब मुल्तानी के एसडीएम द्वारा सम्मानित होने पर मुल्तानी बिजनौर चैप्टर की जानिब से उन्हें मुबारकबाद पेश की गई।

शिक्षक शादाब मुल्तानी को सम्मानित करते एसडीएम शैलेंद्र कुमार।

## गायत्री जयंती पर श्रीमद् गीता का पाठ किया गया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। शांतिकुंज जोनल कार्यालय गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद में गायत्री जयंती के पावन पर्व पर गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक डॉ. दीपक कुमार ने श्रीमद् भागवत गीता का पाठ किया। श्रीमती सारिका अग्रवाल, प्रभा राजपूत ने प्रेरणा पद संगीत प्रस्तुत किये। डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि जैसा कर्म करोगे वैसा फल देंगे भगवान यह है गीता का ज्ञान। गीता जयंती वह पावन पर्व है जब भगवान श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र के युद्ध में अर्जुन को कर्म योग, भक्ति योग व ज्ञान योग का दिव्य उपदेश गीता में दिया। गीता के 18 अध्यायों में ज्ञान की बातें जीवन के कई पहलुओं को छूती हैं जैसे कि कर्म का महत्व, आत्मा की अमरता, परिवर्तन संसार का नियम है, क्रोध से बुद्धि नष्ट होती है, मोह व लोभ से बचें ,सत्संगति के सदगुण आते हैं, आंतरिक आनंद ही सच्चा सुख है। गीता यूनेस्कों में विश्व स्मृति रजिस्टर में शामिल है। सुमन वर्मा ने श्रीमद् भागवत गीता का पूजन किया। कामेश शर्मा, प्रेमलता, सत्य प्रकाश, प्रीति, राज भटनागर, हरीश शर्मा आदि मौजूद रहे।**



## मतदाताओं से गणना पत्र जल्दी जमा करने की अपील की

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कराये जा रहे एसआईआर प्रक्रिया के दौरान भाग संख्या 237 मौहल्ला कलालान में मौहल्ले के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में अवशेष गणना प्रपत्रों में पहचान कराते हुए मृतक, शादीशुदा लड़कियों व शिफ्ट हुए लोगों के वोट काटने तथा जिन लोगों ने अपने गणना प्रपत्र अभी तक जमा नहीं किये है उनसे तुरंत गणना प्रपत्र जमा करने की अपील की गई। इस मौके पर बीएलओ ब्रिजेश कुमार, सुपरवाइजर अशोक शर्मा राजस्व निरीक्षक नजीबाबाद, वार्ड मेम्बर राजीव टंडन, जाहिद हुसैन, शरीफ अहमद, दिलशाद अहमद, बीएलओ सुल्तान अहमद व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# विधायक ने कई गांवों का दौरा कर एसआईआर के बारे में जानकारी ली



कैम्प में ग्रामीणों के एसआईआर फार्म भरवाते विधायक हाजी तसलीम।

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद के विधायक हाजी तसलीम ने सोमवार को मंडावली के प्राथमिक विद्यालय पहुंचकर बीएलओ आरिफ, पूनम रानी, अल्पना मौर्या से एसआईआर के संबंध में जानकारी ली। प्रत्येक बूथ पर कितने फॉर्म भरे गए इस बारे में भी जाना। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि जिन्होंने एसआईआर फॉर्म अभी जमा नहीं किया है, वह इन फार्मों को जल्द भरकर बीएलओ के पास जमा कर दे। उन्होंने कहा कि जिनके फॉर्म अभी नहीं जमा हुए है उनके घर जाकर उन्हें जागरूक करते हुए बीएलओ के पास फार्म जमा कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र मतदाता एसआईआर से वंचित ना रहे। विधायक हाजी तसलीम अहमद ने मंडावली गांव के अलावा नारायणपुर रतन, मिर्जापुर सैद, औरंगपुर भिक्कू, शहजादपुर आदि गांव का दौरा कर ग्रामीणों को एसआईआर के प्रति जागरूक कर जल्द से जल्द फॉर्म को भरकर बीएलओ के पास जमा करने के लिए कहा। जिससे आगे की प्रक्रिया समय से पूरी की जा सके। आंगनबाड़ी कार्यकत्री लक्ष्मी त्यागी, रमता कर्णवाल, समूह कार्यकत्री राधा कर्णवाल, लक्ष्मी कर्णवाल, ग्राम प्रधानपति माजिद हुसैन, जाहिद अंसारी, बूंदु मकरानी, अहसान मकरानी, अल्तमस अंसारी, जाकिर, मौहम्मद अब्बास, मोहम्मद इरफान, नन्हे सिंह, मुकीम, पीरु, राजेंद्र सिंह, कलवा सिंह, मुनेंद्र आदि ग्रामीण मौजूद रहे। विधायक तसलीम अहमद ने बताया कि वह प्रतिदिन गांव गांव जाकर एसआईआर के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक कर रहे है।

# घर के सामने गंदा पानी जमा होने से महिला परेशान



घर के सामने भरा गंदा पानी।

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम शेखपुर गढ़ू निकट चंद्रायन होटल एक्सिस बैंक निवासी ब्रजेश ने बताया कि उनके घर के सामने छोटा नाला है, जिसमे आएदिन गंदा पानी भरा ही रहता है। आसपास का गंदा पानी जमा होकर पीड़िता के घर तक पहुंच जाता है। जिससे पीड़िता ब्रजेश बहुत ज्यादा परेशान रहती है। नाले के पानी से बहुत ज्यादा बदबू भी आती है, आस पड़ोस के लोग भी इस बदबू व गंदे पानी के जमाव व भराब से बहुत ज्यादा परेशान है। पीड़ित महिला ने भारतीय महिला महाशक्ति स्वराज की जिलाध्यक्ष निशि चौधरी से संपर्क किया। जिलाध्यक्ष ने पीड़िता ब्रजेश की समस्या सुनकर एसडीएम को प्रार्थना पत्र दिलावाया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष पुष्पा, ब्लॉक अध्यक्ष सीमा चौधरी, ग्राम अध्यक्ष कविता, निधि शर्मा, दीक्षा, ब्रजेश, हिंद युवा महाशक्ति से जिला मीडिया प्रभारी विकास कुमार व ग्राम अध्यक्ष सतेंद्र आदि उपस्थित रहे।

## सपा नेता जमील अंसारी ने खिलाड़ी को ट्राफी देकर सम्मानित किया



नजीबाबाद (चिंगारी)। स्टैब्स ग्राउंड पर चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का सातवां लीग मैच यमुनानगर वर्सेस बरेली के बीच हुआ। जिसमें बरेली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। बरेली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 156 रन बनाएं 20 ओवर में बरेली की तरफ से अभिषेक ने शतक बनाया, 70 गेंद में 102 रन की पारी खेली। बरेली के दूसरे बल्लेबाज सेफ राजा ने 18 गेंद में 43 रन लिये। यमुनानगर की तरफ से गेंदबाजी करते हुए अखिल कंबोज ने चार ओवर में 37 रन देकर तीन विकेट लिए। दूसरी इनिंग में यमुनानगर की तरफ से गुरु ने 18 गेंद में 45 रन लिये। सेकंड बल्लेबाज अमर 29 गेंदों में 41, यमुनानगर ने 5 विकेट खोकर 16 ओवरों में मैच जीत लिये। मैन ऑफ द मैच अखिल कंबोज रहे। पब्लिक वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष एवं सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष जमील अंसारी ने खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। अंपायर, निश्चल, शाहनवाज अंसारी, कॉमेंटेटर सलमान सिद्दीकी, एहसान खान, अध्यक्ष ताबिश मिर्जा, उपाध्यक्ष संजीव राजपूत, सौरभ सिंह, कोषाध्यक्ष राजीव ग्रोवर , संयोजक फैसल तैयब, इमरान सिद्दीकी, सलमान सिद्दीकी, नाजिम बाबा बबलू शेख, रेहान खान, आदिल कुरैशी, फैसल खान आदि मौजूद रहे।

# वायरल वीडियो को लेकर सब हैरान
# आरोपी युवक का 151 में चालान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कोतवाली देहात थाने की अकबराबाद पुलिस चौकी का एक विडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक युवक ने चौकी प्रभारी की कुर्सी पर बैठ कर और दरोगा जी टोपी लगा कर रील बनाई थी। यह मामला मीडिया में आने पर पुलिस ने रील बनाने वाले युवक उजैर पुत्र मौहम्मद असलम का धारा 151 में चालान कर दिया। थाना प्रभारी प्रवेज कुमार ने बताया कि मामले की जांच चल रही है तथा डेढ़ साल पुराना विडियो एडिट कर वायरल करने वालों के विरूद्ध भी सुसंगत धाराओं में कार्यवाही की जाएगी। बता दें कि वायरल विडियो में उजैर दरोगा की टोपी लगा कर चौकी के भीतर कुर्सी पर बैठ कर रील बनाता हुआ नजर आया था।




हालांकि पुलिस का कहना है कि विडियो डेढ़ साल पुराना है, जिसे एडिट कर अब वायरल किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार अकबराबाद में दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला दर्ज किया गया था। दूसरे पक्ष ने उजैर और उसके परिवार वालों को फंसाने के लिए पुराना विडियो वायरल किया है। हालांकि जांच इस बात की भी होनी चाहिए कि युवक ने पुलिस चौकी के भीतर दरोगा की कुर्सी पर बैठ कर और उसकी टोपी लगा कर विडियो कैसे बना ली। उस समय पुलिस वाले कहा थे और आरोपी युवक के विरूद्ध कार्यवाही क्यों नहीं की गई। इस प्रकरण से पुलिस की कार्यशैली पर भी प्रश्न चिन्ह लगा है।

# 5 दिन पूर्व हुई चोरी का पुलिस ने कर दिया खुलासा

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** थाना रेहड़ पुलिस ने ग्राम उदयपुर उर्फ चांदपुर में 5 दिन पूर्व हुई चोरी का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को चुराये गये जेवरात व कुछ नगदी सहित गिरफ्तार कर लिया है। थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम चांदपुर-उदयपुर निवासी फहीम अहमद पुत्र शौकीन के घर में बीती 27/28 नवंबर की मध्यरात्रि चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर उस समय चोरी की घटना को अंजाम दिया था, जब फहीम परिवार सहित अंगदपुर स्थित अपनी ससुराल में रुका हुआ था। थानाध्यक्ष रेहड़ को दी तहरीर में फहीम ने बताया था कि चोर सेफ अलमारी में रखे ढहाई तौला सोने व 700 ग्राम चांदी के जेवरात एवं 5000 रुपए नगदी चुरा कर ले गए हैं। रेहड़ पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर घटना का पर्दाफाश करने के प्रयास शुरू कर दिए गए थे। थानाध्यक्ष रेहड़ विजेंद्र सिंह राठी ने आज बताया कि घटना को अंजाम देने में प्रकाश में आए जीशान पुत्र रियाजुद्दीन व मौ. शाहिद उर्फ साहिब पुत्र खुर्शीद निवासीगण ग्राम उदयपुर उर्फ चांदपुर थाना रेहड़ को गिरफ्तार कर लिया गया है जिनके पास से चुराए गए जेवरात व 2020 रूपए नकद बरामद हुए हैं।



पुलिस गिरफ्त में चोरी के आरोपी।

# लोगों को बढ़ते साइबर अपराधों की जानकारी दी

**शेरकोट ( चिंगारी )।** पुलिस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नागरिकों को बढ़ते साइबर अपराधों के बारे में जानकारी देते बचाव के लिए जागरूक किया गया।

कल शाम टेम्पो स्टैंड पर स्थित सुभाष चन्द्र बोस पुलिस चौकी में हुए कार्यक्रम में थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने लोगों से संवाद करते हुए उन्हें फिशिंग, विशिंग (फोन कॉल द्वारा ठगी), ओटीपी धोखाधड़ी, क्यूआर कोड स्कैनिंग फ्रॉड, और सोशल मीडिया हैकिंग जैसे साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी और सतर्कता बरतने की सलाह दी। उन्होंने साइबर फ्राड से बचने के लिए लोगों से मजबूत, अद्वितीय पासवर्ड बनाने, अन्जान ई-मेल या संदेशों के अटैचमेंट को न खोलने, बैंक या किसी भी वित्तीय संस्थान की गोपनीय जानकारी (जैसे पिन, सीवीवी, ओटीपी) किसी से साझा न करने, इंटरनेट पर आधिकारिक वेबसाइटों का ही प्रयोग करने पर ज़ोर दिया गया। थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने लोगों से किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी या संदिग्ध गतिविधि के बारे में तुरंत सूचना साइबर क्राइरिपोर्टिंग पोर्टल के हेल्पलाइन नंबर 1930 या पुलिस स्टेशन में देने को कहा। कार्यक्रम में उप निरीक्षक मोहित कुमार, कांस्टेबल संदीप कुमार, विपिन चौधरी, आकाश धामा, महिला कांस्टेबल अमृता सिंह आदि मौजूद रहे।



# गीता से प्रत्येक क्षेत्र में मिलता है मार्गदर्शन : डॉ. प्रेमचन्द

## दर्शन महाविद्यालय में मनाई गई गीता जयंती

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** गीता जयंती के अवसर पर रामझूला स्थित दर्शन महाविद्यालय परिसर, आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्तिभाव से सराबोर रहा। कार्यक्रम में ऋषिकेश विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुये। कार्यक्रम की शुरुआत गीता पाठ के साथ हुई, जिसमें डॉ. अग्रवाल ने पूर्ण आस्था और श्रद्धा के साथ सहभागिता की। इसके उपरांत वेद मंत्रोच्चारण और भजन कीर्तन के बीच गंगा पूजन संपन्न हुआ। पवित्र गंगा तट पर दीप प्रज्वलन और आरती के दौरान उपस्थित जनसमूह ने दिव्य वातावरण का अनुभव किया। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता मानव जीवन के हर क्षेत्र में मार्गदर्शन देने वाली अद्वितीय धर्मग्रंथ है। उन्होंने कहा कि गीता का संदेश—कर्मयोग, कर्तव्यबोध और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टि—हर युग में समाज का मार्ग प्रशस्त करता है। डॉ. अग्रवाल ने महाविद्यालय प्रबंधन और आयोजकों को इस सार्थक और प्रेरणादायी कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करते हैं। इस दौरान श्री बंशीधर पोखरियाल अध्यक्ष दर्शन महाविद्यालय, श्री संजय शास्त्री प्रबंधक, राजमोहन दास प्रधानाचार्य, राजीव शर्मा कोषाध्यक्ष, गोपीचंद सिलस्वाल, सुशील नौटियाल, हर्ष आनंद उनियाल, सीमा मैठाणी आदि उपस्थित रहे।

## वायू प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी
# हम हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठ सकते

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली और एनसीआर वायु प्रदूषण संकट पर स्वत: संज्ञान लेते हुए सुनवाई की। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा- मेरे मित्र का कहना है कि मामले की सुनवाई केवल सूचीबद्ध होने से ही इसमें (वायु गुणवत्ता सूचकांक) सुधार हुआ है... यह जरूरी है कि हम इसे तीन-चार महीने बाद सूचीबद्ध करने के बजाय नियमित रूप से सुनें। मुख्य न्यायाधीश ने आगे कहा कि हम चाहते हैं कि दीर्घकालिक योजनाएं भी सार्वजनिक हों, उन योजनाओं पर चर्चा और अंतिम रूप दिया जाना आवश्यक है। अब इस मामले पर 10 दिसंबर को सुनवाई होगी। एएसजी ऐश्वर्या भाटी ने बताया कि केंद्र ने अल्पकालिक (शॉर्ट टर्म) योजनाओं का शपथपत्र दाखिल किया है और सभी राज्यों व एजेंसियों के साथ बैठकें की गई हैं। सीजेआई ने कहा- आपने जो एक्शन प्लान बनाया था, उससे कितनी सकारात्मक प्रगति हुई? हमें यह जानना जरूरी है। पहले हमें ये भी पता नहीं कि कौन-से कदम उठाए गए। इस दौरान एएसजी ने स्वीकार किया कि राज्यों का लक्ष्य शून्य पराली जलाना था, लेकिन उसे हासिल नहीं किया जा सका। इस पर सीजेआई ने कहा, पराली जलाना अकेला कारण नहीं है। कोविड के समय भी पराली जलाई जा रही थी, लेकिन तब आसमान बिल्कुल नीला और साफ था। सीजेआई ने यह भी कहा कि पराली के मुद्दे को राजनीतिक या अहं का विषय न बनाया जाए- किसान अगर पराली जला रहा है तो इसकी एक आर्थिक वजह है। वह एक संसाधन भी है और एक वस्तु भी।



# जुड़वा बच्चियों के सर से उठा मां का साया

## झोलाछाप चिकित्सक का कारनामा

**धामपुर ( चिंगारी )।** शेरकोट रोड पर गांव सुहागपुर के पास स्थित एक अस्पताल में रविवार की रात्रि एक महिला को प्रसव पीड़ा होने पर भर्ती किया गया था, जहां ऑपरेशन से उसने दो जुड़वां बच्चियों को जन्म दिया। इसके बाद हालत बिगड़ने पर महिला को उपचार हेतु अस्पताल के स्टाफ ने रैफर कर दिया। सोमवार को मुरादाबाद में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जिससे दो नवजात शिशुओं के सर से उनकी मां का साया उठ गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने बिना पुलिस कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

थाना स्योहारा क्षेत्र के गांव भोगपुर निवासी अर्जुन कुमार की पत्नी 25 वर्षीया पूजा को प्रसव पीड़ा होने पर डिलीवरी हेतु रविवार को गांव सुहागपुर के पास स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां रात में आपरेशन से पूजा ने दो जुड़वां बच्चियों को जन्म दिया। लेकिन इसके बाद में उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके चलते डाक्टर और स्टाफ के हाथ पांव फूल गए और उन्होंने आनन फानन में महिला को बाहर रैफर कर दिया। परिजन पहले उसे उत्तराखंड के काशीपुर ले गये, लेकिन वहां से मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल रैफर कर दिया गया। जबकि बच्चियों को दूसरे अस्पताल में मशीन में रखवाया गया। लेकिन सोमवार को पूजा की मौत हो गई। परिजनों ने गांव लाकर उसका अंतिम संस्कार कर दिया। पति राजन का आरोप है कि शेरकोट रोड स्थित अस्पताल द्वारा लापरवाही बरतने पर उसकी पत्नी की मौत हुई है। अब वह इस अस्पताल के खिलाफ शिकायत करेंगे। इस बारे में कोतवाली प्रभारी मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि ऐसा कोई मामला संज्ञान में नहीं है, ना ही तहरीर प्राप्त हुई है।

# बिजनौर में हुआ व्यापारी जुटान, स्वदेशी अपनाने का किया आह्वान

## हमारे युवाओं ने बड़ा सोचना बंद कर दिया- कश्मीरी लाल





### देशभर में किये जा रहे व्यापारी जुटान कार्यक्रम



स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत सहसंयोजक प्रशांत महर्षि ने बताया कि वर्तमान समय में व्यापार में स्वदेशी दृष्टि रखना और व्यापारी समाज का संगठित होकर देश पर लगाये गए व्यावसायिक प्रतिबंधों, टेरिफ आदि का संगठित होकर मुकाबला करना आवश्यक हो गया है। व्यापारी संगठन व्यापारियों की लड़ाई मजबूती से लड़ते हैं, पर संगठनों की आपसी प्रतिस्पर्धा के चलते राष्ट्र हित के विषयों पर भी एक मंच पर आकर संघर्ष नहीं करते। उन सभी को स्वदेशी के माध्यम से जोड़ने के लिए देश भर में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा व्यापारी जुटान कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इनका शुभारंभ 2 माह पूर्व नागपुर में एक बड़ा सम्मेलन कर किया गया था।





**बिजनौर (चिंगारी)।** स्वदेशी जागरण मंच द्वारा सोमवार को जैन धर्मशाला के सभागार में एक भव्य व्यापारी जुटान का आयोजन किया गया, जिसमें समस्त व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री कश्मीरी लाल अखिल भारतीय संगठक स्वदेशी जागरण मंच रहे। उन्होंने अपने सारगर्भित संबोधन में छोटी-छोटी कहानियों से बीबा, ओयो, जोहो कारपोरेशन की सफलता की कहानियां सुनाकर व्यापारियों में उत्साह भरने का काम किया। उनका मानना था कि हमारे परिवारों के युवाओं ने बड़ा सोचना बंद कर दिया है। अपनी दुकान या फैक्ट्री पर न जाकर नौकरी का प्रयास करते हैं, जबकि पहले समय में दुकानों पर ही पढ़ाई से बचे समय में खाली होते कारोबार पर जाने से उनकी इंटर्नशिप हो जाती थी और वे अपने व्यवसाय के साथ-साथ पूर्वजों की भामाशाह परंपरानुसार समाजसेवा स्वयं करने लगते थे। उन्होंने सभी दुकानदारों से अपने प्रतिष्ठान पर 'यहां स्वदेशी सामान बिकता है' का बोर्ड लगाने का भी अनुरोध किया।

स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत सहसंयोजक प्रशान्त महर्षि के संचालन में हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कार्यकर्ता चौधरी धीरसिंह ने की और डॉ. राजीव कुमार अखिल भारतीय विचार विभाग प्रमुख, श्री कुलदीप सिंह, व्यापारी सुरक्षा फोरम के जिलाध्यक्ष राजकुमार गोयल, पश्चिमी उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल आदि ने संबोधित किया।

वरिष्ठ व्यापारी नेता कन्हैयालाल कपूर, बीएस राजपूत (उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल), संजीव अग्रवाल (नजीबाबाद), विकास अग्रवाल (आईएए चैप्टर चेयरमैन), अवनीश अग्रवाल जिलाध्यक्ष (किरतपुर), अभिषेक गोयल (अध्यक्ष जिला औद्योगिक अस्थान सहकारी समिति), अंकुर गौतम (डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन), संजीव चौधरी (अध्यक्ष केमिस्ट एसोसिएशन), विदुर ब्रांड से श्रीमती जूली देवी, वासुदेव आदि ने अपने संगठनों के व्यापारियों के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की।

स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक अजय वत्स, सहजिला संयोजक सतीश त्यागी, जिला संपर्क प्रमुख कौशल किशोर शर्मा ने सभी व्यापारी भाइयों और रीता शर्मा ने बहनों का स्वागत किया। नगर संयोजक दीपक अरोड़ा, आशीष शंकर, सरदार परमजीत सिंह का सहयोग रहा।

## सरस्वती इंटर कॉलेज में कक्ष सज्जा प्रतियोगिता



**चांदपुर (चिंगारी)।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज चांदपुर में 'कक्ष सज्जा' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नवनीत कुमार के निर्देशन में आयोजित 'कक्षा सज्जा' प्रतियोगिता में छात्रों ने मिलकर अपने-अपने कक्षों को सुन्दर ढंग से सजाया। निर्णायक की भूमिका में श्रीमती प्रीति वर्मा, श्रीमती तनु राजपूत, श्रीमती पारुल, श्रीमती पूजा शर्मा (कोऑर्डिनेटर- प्राइमरी विंग) व कलवा आदि ने छात्रों के द्वारा सजाई गई कक्षाओं का निरीक्षण कर छात्रों के द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की। प्राइमरी विंग में कक्षा तृतीय ने प्रथम, कक्षा द्वितीय ने द्वितीय व कक्षा चतुर्थ तथा कक्षा -यूकेजी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर विंग में कक्षा सप्तम ने प्रथम, कक्षा अष्टम ने द्वितीय व कक्षा षष्ठ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर विंग में कक्षा नवम अ ने प्रथम, एकादश अ ने द्वितीय व एकादश स ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य नवनीत कुमार व अतिथियों ने छात्रों को आशीर्वाद देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्राइमरी विंग की प्रभारी श्रीमती पूजा शर्मा, श्रीमती पारुल, आर्ट के शिक्षक कलवा, मुकुल व कु. दिव्या विश्वकर्मा आदि का सहयोग रहा।

## सभासद कैफुलवरा व सपा नेता शेख रईस सैकड़ों लोगों के फार्म भरवा चुके



**चांदपुर (चिंगारी)।** नगर के मुहल्ला पतियापाड़ा वार्ड 15 की सभासद श्रीमती कैफूलवरा व उनके पति वरिष्ठ सपा नेता शेख रईस अहमद कैम्प लगाकर वार्डवासियों के एसआईआर फॉर्म भरवाने में लगे हुए हैं तथा अब तक सैकड़ों लोगों के फॉर्म भरवाकर जमा भी करा चुके हैं। सभासद श्रीमती कैफूलवरा व उनके पति शेख रईस अहमद अपने वार्ड में कैम्प लगाकर लोगों के एसआईआर फॉर्म भरवाने के साथ-साथ लोगों के सामने आ रही परेशानी का भी निस्तारण कराने में लगे हुए हैं। सपा नेता शेख रईस ने कहा कि वार्ड के किसी भी व्यक्ति को यदि फार्म भरने में कोई परेशानी आ रही हो तो वे उनसे मिलकर हैल्प ले सकता है। वहीं दूसरी ओर नगर के अधिकांश सभासद भी अपने वार्ड के लोगों के एसआईआर फॉर्म भरवाने में दिन-रात लगे हुए हैं। सभासद व उनके पति द्वारा एसआईआर फॉर्म भरवाने के लिए की जा रही मेहनत की वार्डवासी उनकी प्रशंसा कर रहे हैं।

## चौथे दिन कोटद्वार व मु.नगर की टीमें जीतीं



ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट के चौथे दिन मैदान पर खेलते खिलाड़ी।

**नगीना (चिंगारी)।** ऑल इण्डिया फुटबॉल टूर्नामेंट के चौथे दिन कोटद्वार गढ़वाल ने कादराबाद को व मुजफ्फरनगर की टीम ने नगीना को पराजित किया। सोमवार की दोपहर हिंदू इंटर कॉलेज के बराबर में स्थित मैदान पर यादें खलील नाम से आयोजित ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट के चौथे दिन का पहला मैच कोटद्वार गढ़वाल व कादराबाद के बीच खेला गया, जिसमें कोटद्वार गढ़वाल ने कादराबाद की टीम को 2-0 से एक तरफा हराया। दूसरे मैच में मुज़फ़्फ़रनगर भोपा की टीम ने नगीना को 2-0 के स्कोर से परास्त किया। मैच में रैफरी बाहर आलम, लाइनमैन निसार अहमद व सुभाष कपूर उर्फ़ पप्पी रहे। इस मौके पर नगीना फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष राकेश कर्णवाल, पूर्व सभासद गफ्फार, नौशाद अप्पा, अजीम सीनियर, निसार अहमद, शमशाद, शाकिर, जहांगीर, आबिद, शेख़ जमशेद, चांद भाई, काका अंसारी, नासिर मुल्तानी, ताहिर मुल्तानी आदि मौजूद रहे।

# निर्मल आश्रम ज्ञान दान अकादमी में श्रद्धापूर्वक मनाया गया गुरु तेग बहादुर का शहीदी दिवस

## निर्वाण कीर्तन दरबार का किया गया भव्य आयोजन



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** निर्मल आश्रम ज्ञान दान अकादमी में नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी, भाई सती दास जी, भाई मती दास जी एवं भाई दियाला जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित निर्वाण कीर्तन दरबार का भव्य एवं भावपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम निर्मल आश्रम के संस्थापक महंत बाबा राम सिंह जी के पावन आशीर्वाद तथा संरक्षक संत जोध सिंह जी महाराज की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरदार नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा जी अध्यक्ष, गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब प्रबंधन समिति एवं विशिष्ट अतिथि शास्त्रीय और गुरमत संगीत के विख्यात विद्वान डॉ. अलंकार सिंह मुखिया, गुरमत संगीत चेयर, पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत-सम्मान, दीप प्रज्वलन, मूल मंत्र एवं गायत्री मंत्र के साथ हुआ। कक्षा 11 की छात्रा गुरनीत कौर ने गुरु साहिबान के पावन बलिदानों एवं मानवता, धर्म और सत्य की रक्षा के लिए किये गये त्याग का उल्लेख करते हुए मार्मिक भाषण प्रस्तुत किया। डॉ. अलंकार सिंह, संदीप सिंह, नरेंद्र पाल सिंह तथा श्री जगजीत सिंह ने गुरु तेग बहादुर जी द्वारा उच्चरित 57 श्लोक एवं रागबद्ध शब्दों का कीर्तन प्रस्तुत किया। समापन पर एनजीए की प्रधानाचार्या डॉ. सुनीता शर्मा एवं हेडमिस्ट्रेस श्रीमती अमृत पाल डंग ने मुख्य अतिथि सहित सभी गणमान्य अतिथियों का हृदय से आभार ज्ञापित किया। महाराज द्वारा सभी अतिथियों को शिरोपा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री सरबजीत कौर द्वारा किया गया।

इस अवसर पर सरदार दलजीत सिंह, स्वामी दयानंद मूर्ति, महंत गुरविंदर सिंह, जगदीश लाल पाहवा, रविंदर सिंह बिंद्रा, इकबाल, डॉ. एस.एन. सूरी, श्रीमती रेनू सूरी, डॉ. कुलविंदर, सरदार बलबीर सिंह, गुरबख्श रतन सिंह, मनजीत सिंह, ओंकार सिंह आदि साज-संगत उपस्थित रही।

## योगासन टैलेंट प्रतियोगिता में उत्तराखण्ड टीम रही तृतीय

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** ऋषिकुल योगपीठ, ऋषिकेश के तत्वावधान व योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से ऋषिकेश में 28, 29 और 30 नवंबर 2025 को आयोजित योगासन टैलेंट के पहले संस्करण में उत्तराखंड की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में सेंट जोजेफ कान्वेंट स्कूल में अध्ययनरत अद्विक सिंह ने अपने साथियों के साथ उत्तराखंड का नेतृत्व करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल में पहुंचने पर विद्यालय परिवार की ओर से टीम का स्वागत किया गया। सोमवार को टीम कोच सरोज ने बताया कि टीम आने वाली राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारी पूरे जोश के साथ कर रही है। प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से आई 10 बालक टीम और 10 बालिका टीमों ने हिस्सा लिया।

## नशीले कैप्सूल बेचने वाला डॉक्टर हल्दौर से गिरफ्तार

### छापे के बाद हो गया था फरार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार में नशीले कैप्सूल बेचने वाले फरार क्लीनिक संचालक को पुलिस ने बिजनौर के हल्दौर से गिरफ्तार कर लिया है। मामले में क्लीनिक संचालक के सहकर्मी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। बता दें कि 28 नवंबर को कोटद्वार पुलिस व स्वास्थ्य विभाग के ड्रग्स इंस्पेक्टर की संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र में मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी की गई। इस दौरान गाड़ीघाट में डॉ. सूरज के क्लीनिक से 6288 नशीले कैप्सूल बरामद किये गये थे। मौके से डॉ. सूरज के सहकर्मी अरुण कंडवाल को गिरफ्तार कर लिया गया था, वहीं डा. सूरज फरार चल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अपर पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन सिंह व क्षेत्राधिकारी निहारिका सेमवाल के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक रमेश तनवार के निर्देशन में गठित पुलिस टीम ने अथक प्रयास के बाद आरोपी सूरज, पुत्र सुशील कुमार, निवासी-कस्बा बढापुर, मोहल्ला हरिजन बस्ती, थाना- बढ़ापुर, जिला- बिजनौर (यूपी), हाल पता-स्टेडियम कॉलोनी लकड़ीपड़ाव कोटद्वार को बिजनौर के हल्दौर से उसके सिल्वर आटो कार सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तारशुदा आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## श्यामपुर में एक अलग थाना बनाने को सीएम को दिया ज्ञापन

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी जिला ऋषिकेश के जिला महामंत्री प्रतीक कालिया ने ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र की कुछ प्रमुख समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने श्यामपुर की 8 ग्रामसभाओं के लिए एक नया थाना क्षेत्र एवं प्रतीतनगर रायवाला फाटक पर एक ओवरब्रिज के निर्माण की बात कही। मुख्यमंत्री ने भी सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए विषय की गंभीरता को समझा और जल्द ही इस पर कार्यवाही करने का आश्वासन भी दिया। जिला महामंत्री प्रतीक कालिया ने कहा कि ऋषिकेश विधानसभा के अंतर्गत आने वाले श्यामपुर क्षेत्र में 8 ग्रामसभाएं आती हैं, इसके लिए एक अलग से थाना क्षेत्र होना आवश्यक है। इससे न केवल सुरक्षा और पुख्ता होगी बल्कि आम जनता को भी सुविधा प्राप्त होगी। साथ ही उन्होंने बताया कि प्रतीतनगर रायवाला रेलवे फाटक पर स्थानीय जनता को काफी समय से मुश्किलों का सामान करना पड़ रहा है। आएदिन लगने वाले जाम ने आम जनता को ही नहीं बल्कि वहां पर स्थित कंटेंटमेंट जोन की कार्यविधि को भी प्रभावित किया है। यदि फाटक पर ओवरब्रिज बन जाए तो इससे सभी को सुलभता होगी। इस भेंट के दौरान प्रतीक कालिया के साथ भाजपा जिला ऋषिकेश के उपाध्यक्ष गणेश रावत, कोषाध्यक्ष राहुल अग्रवाल प्रतीत नगर के ग्राम प्रधान राजेश जुगलान आदि उपस्थित रहे।

## छात्रों ने निकाली एड्स जागरूकता रैली

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** विश्व एड्स दिवस पर सोमवार को एसजीआरआर पैरामेडिकल कालेज व नर्सिंग कालेज की ओर से एड्स जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य एड्स व एचआइवी से बचाव, इलाज और इस बीमारी से जुड़े कारणों को कम करने के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। रैली को परिसर निदेशक धीरेंद्र मोहन रतूड़ी, पैरामेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ. गिरीश उनियाल व नर्सिंग कालेज के प्राचार्य डॉ. राजकुमार द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली देवी मंदिर से झंडाचौक होते हुए तहसील पहुंचकर समाप्त हुई। रैली में छात्र एड्स से स्वास्थ्य सुरक्षा संबंधी नारे लगाकर आम जन को जागरूक कर रहे थे। रैली में प्रणव राज बमराड़ा, श्वेता बिष्ट, दिव्यांशी, अदित्य, प्रगति, शिवी, पूजा, अखिल और नीरज आदि छात्रों सहित कालेज कर्मचारी भी शामिल रहे।

## विश्व एड्स दिवस पर हुई क्विज प्रतियोगिता

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सोमवार को क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान एनएसएस प्रभारी डॉ. गीता रावत शाह ने एड्स कैसे होता है व इससे बचाव पर जानकारी दी। तत्पश्चात आयोजित प्रतियोगिता में आकृति बिष्ट, रोहित, हिमेन्द्र और सोनिया की टीम ने पहला, मयंक, प्रज्ज्वल पटवाल, दिव्यांशु डबराल और विनीत की टीम ने दूसरा और अनुष्का, मनीषा, संतोषी और रिया की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## 'सिर्फ घोषणा करने से नहीं होगा कोटद्वार का विकास'

### पीआरएसपी संगठन की बैठक का आयोजन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पैराशूट रेजिमेंट स्पेशल फोर्स संगठन ने कोटद्वार के विकास के लिए की गई घोषणाओं को अमली जामा पहनाते हुए धरातल पर कार्य करने की मांग की है। कहा कि कोटद्वार का विकास केवल घोषणा करने से संभव नहीं है। इस संबध में सोमवार को पदमपुर स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि कोटद्वार में जनता की मूलभूत सुविधाओं पर अभी भी कार्य नहीं हो पाया है। जिस कार्य की जिम्मेदारी जनप्रतिनिधियों ने ली है, उसे उन्हें अपना दायित्व समझकर प्राथमिकता के साथ धरातल पर उतारने का प्रयास करना चाहिए। बगैर योजना बनाये कोई भी कार्य नहीं किया जाना चाहिए। कहा कि संगठन का मानना है कि प्रत्येक कार्य मास्टर प्लान बनाकर किया जाना चाहिए। संगठन ने आशा व्यक्त की कि कुछ समय पश्चात आचार-संहिता भी लग जायेगी। इसलिए अब पूर्व में की गई घोषणाओं को धरातल पर उतारकर कार्य किया जाना चाहिए। बैठक में संगठन संरक्षक सोहन सिंह गुसाई,अध्यक्ष गजराज सिंह नेगी, सचिव बलवान सिह रावत, उपेन्द्र सिह रावत, डबल सिंह, बिजेंद्र सिंह रावत, कमलेश्वर प्रसाद और अनूप ध्यानी सहित संगठन से जुड़े अन्य पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

## बेटे ने सम्पत्ति के लिये अपने मित्रों के साथ मिलकर पिता को ठिकाने लगाया

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** बहादराबाद नहर पटरी पर कार के अंदर वायु सेना के पूर्व कर्मचारी भगवान सिंह की गोली मारकर हत्या कर देने की सनसनीखेज वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। हत्या की साजिश भगवान सिंह के इकलौते बेटे यशपाल ने ही अपने मित्र राजन उर्फ ललित मोहन निवासी सीतापुर, ज्वालापुर और शेखर निवासी सीतापुर बालाजीपुरम कॉलोनी ज्वालापुर के साथ मिलकर रची थी। करोड़ रूपयों की संपत्ति का वारिस बनने के लिए पिता की हत्या करवाई। इसके बदले मित्रों को स्कॉर्पियो और 30 लाख सुपारी का लालच दिया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह डोभाल ने बताया कि 29 नवंबर की रात यशपाल निवासी जमालपुर कला ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी थी कि वह अपने पिता भगवान सिंह के साथ रोशनाबाद शादी में जा रहा था, रास्ते में जटवाड़ा पुल पर एक अज्ञात युवक ने लिफ्ट मांगी और रास्ते में पिता की गोली मारकर हत्या कर दी। इस संबंध में भगवान सिंह के भाई होशियार सिंह निवासी जमालपुर कला ज्वालापुर की शिकायत पर प्राथमिक दर्ज कर पुलिस और सी आईयू की टीम जांच में लग गई।

घटनास्थल पर यशपाल ने पूछताछ में बताया कि वह किसी दोस्त की शादी में जा रहा था, जब दोस्त के बारे में पूछा तो वह गोल-मोल जवाब देने लगा। बस यहीं से शक की सुई उस पर घूम गई। एसएसपी ने बताया कि पहले यशपाल गुमराह करता रहा लेकिन जब कई घंटे तक पूछताछ की गई और सख्ती बरती तो वह आखिरकार टूट गया और उसने पूरी कहानी बता दी। कबूल किया कि उसने अपने दोस्त राजन उर्फ ललित मोहन और शेखर के साथ मिलकर पिता की हत्या की है। सीआई यू नरेंद्र बिष्ट व एस ओ बहादराबाद अंकुर शर्मा ने टीमों के साथ अन्य दोनों आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया। राजन उर्फ ललित मोहन की निशान देही पर घटना में इस्तेमाल तमंचा, खोखा, कारतूस, कपड़े, जैकेट व जूते सीतापुर स्थित किराए के कमरे से बरामद कर लिए गए। तीनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# सभी नए मोबाइल फोन में 90 दिनों के भीतर प्री-इंस्टॉल होगा 'संचार साथी' एप

## सरकार का बड़ा फैसला

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** दूरसंचार विभाग (DoT) ने मोबाइल फोन कंपनियों को बड़ा निर्देश जारी किया है। अब देश में बनने या आयात होकर आने वाले हर नए स्मार्टफोन्स में संचार साथी एप को प्री-इंस्टॉल करना अनिवार्य होगा। कंपनियों को इस नियम को लागू करने के लिए 90 दिन का समय दिया गया है। 28 नवंबर को जारी दिशा-निर्देश के मुताबिक, 90 दिनों के बाद भारत में बनने या आयात किए जाने वाले सभी मोबाइल फोन में संचार साथी एप पहले से मौजूद होना चाहिए। यह एप फोन सेटअप के दौरान आसानी से दिखाई दे और इसे हटाया या डिसेबल ना किया जा सके। सरकार ने साफ कहा है कि यह नियम सभी कंपनियों पर लागू होगा। चाहे वह एपल, सैमसंग, गूगल, शाओमी, वीवो या कोई दूसरा ब्रांड हो। जो मोबाइल फोन पहले से बन चुके हैं या बिक्री के लिए स्टोर में मौजूद हैं, उनमें भी यह एप जोड़ना अनिवार्य होगा। इसके लिए कंपनियों को सॉफ्टवेयर अपडेट के जरिए संचार साथी एप उपलब्ध कराना होगा।




निर्माताओं और आयातकों को इस आदेश का पालन करने के लिए 120 दिनों के अंदर दूरसंचार विभाग में रिपोर्ट जमा करनी होगी। संचार साथी एप मोबाइल सुरक्षा से जुड़े मामलों को रोकने के लिए बनाया गया है। इस एप के जरिए मोबाइल के IMEI नंबर की जांच की जा सकती है। IMEI से जुड़े किसी भी फर्जीवाड़े की शिकायत दर्ज की जा सकती है। एप से खोए या चोरी हुए फोन की रिपोर्ट दर्ज की जा सकती है। फर्जी कॉल या धोखाधड़ी की शिकायत भी की जा सकती है। सरकार के अनुसार, IMEI से छेड़छाड़ करना गंभीर अपराध है। यह गैर जमानती अपराध है और दूरसंचार अधिनियम 2023 के अनुसार इसमें 3 साल की जेल, 50 लाख रुपये तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। सरकार ने कहा है कि मोबाइल कंपनियां यह सुनिश्चित करें कि संचार साथी एप डिवाइस पर आसानी से दिखे।

## रेणुका चौधरी कुत्ते को लेकर संसद भवन पहुंची

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन एक कुत्ता लेकर संसद भवन परिसर पहुंची तो सत्ता पक्ष के नेताओं ने उन पर सीधा निशाना साधा और इसका कड़ा विरोध किया। श्रीमती चौधरी से जब संसद परिसर में मौजूद पत्रकारों ने कुत्ता लाने का कारण पूछा तो उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा क्या सरकार को जानवर पसंद नहीं हैं। लाई हूं तो इसमें क्या हर्ज है। वेसे भी यह कुत्ता बहुत छोटा है। कांग्रेस सांसद के बयान पर तब हंगामा मच गया जब उन्होंने कहा किसी को नुकसान न पहुंचाने वाला जानवर है।


MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL
NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR
We Are Hiring
PGT (ALL SUBJECTS)
TGT (ALL SUBJECTS)
PRT (ALL SUBJECTS)
P.T.I. (B.P.Ed/M.P.Ed)
बिजनौर से कोतवाली आने जाने के लिए ट्रांसपोर्ट सुविधा उपलब्ध है।
Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred
Email : mpskotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number 8958800042, 8958800019, 9634289199


Gents Specialist
Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

प्लॉट बिकाऊ है
बिजनौर-हरिद्वार रोड पर कस्बा चंदक में साप्ताहिक बुध बाजार के निकट ऑन रोड 540 गज का प्लॉट बिकाऊ है। प्लॉट शोरूम/शॉपिंग मार्केट बनाने हेतु उपयुक्त है।
इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें-
मो. 9639919509, 9759313153

आवश्यकता
आवश्यकता है मण्डावर डिग्री कॉलेज मण्डावर में प्राचार्य व प्रवक्ता रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान एवं अंग्रेजी साहित्य। योग्यता यू.जी.सी. मानकानुसार।
आज्ञा से
प्रबंधक
मण्डावर डिग्री कॉलेज
मण्डावर (बिजनौर)

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER
इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

आवश्यकता है- मार्केटिंग हेतु युवक/युवती की।
एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701
Ph- 9240083911, 9119766026